# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 19 सितंबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण प्रतिपदा संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 15 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ अर्थव्यवस्था में भारत ऊंची छलांग लगाने को तैयार

करीना को मिली 2025 की अभी तक की सबसे महंगी फिल्म ◂◂ 6







# चाईबासा के सारंडा जंगल में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, एक जवान घायल

## घायल जवान को एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची

मेट्रो रेज

**चाईबासाः** जिले के सारंडा जंगल में गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया । इस घटना में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया है। जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है, जहां उनकी स्थिति स्थिर बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनल, अनमोल, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन अपने दस्ता के सदस्यों के साथ सारंडा के कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों के जवानों ने छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में





एक संयुक्त अभियान प्रारंभ किया। अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी लगाया था। जिसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया।

**नक्सलियों के खिलाफ जारी है अभियानः** नक्सली नेता मिसिर बेसरा, मोछू, अनल, अनमोल, अशिवन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहार, अमित हांसदा उर्फ अपटन समेत अन्य के सारंडा और कोल्हान जंगल में होने की खबर पर सारंडा जंगल की घेराबंदी कर दी गयी है। जवानों ने सारंडा में छोटानागरा थाना क्षेत्र के छोटानागरा, कोलाइबुरु, हतनाबुरु, मांगपोंगा, उसरुईया, बालिबा, कुदलीबाद, होलोंगउली, थोलकोबाद तथा जराईकेला थाना क्षेत्र के तिरिलपोसी, दीघा, सागजुडी आदि इलाकों के जंगल और पहाड़ को घेर दिया है। सूचना है कि नक्सली बालिबा, होलोंगउली, बाबूडेरा आदि क्षेत्र के जंगलों में छिपे हैं। बता दें कि नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों लगातार अभियान चला रहे हैं। इस अभियान में कई नक्सली मारे गये। वहीं कई गिरफ्तार भी हुए हैं। इस दौरान सुरक्षा बलों ने सैकड़ों आईडी को बरामद कर नष्ट भी किया है।

मनी लॉन्ड्रिंग

## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की बेल पर हाईकोर्ट में सुनवाई 21 को



मेट्रो रेज

**रांची :** टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। इससे पहले 9 अगस्त को रांची ढटछअ (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने आलमगीर आलम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने अपनी बेल के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगायी है। बता दें कि आलमगीर आलम को एऊने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। वहीं एऊ इसी केस में राज्य के वरीय कअर अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ भी कर चुकी है। इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम की भी गिरफ़्तारी हो चुकी है। इनके ठिकानों से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश बरामद किये थे।

## राज्य में नये डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू, यूपीएससी को भेजा गया पैनल

मेट्रो रेज

**रांचीः** राज्य में नये डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गयी हैं। इस बाबत झारखंड सरकार के गृह विभाग ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को पांच आईएएस अधिकारियों के नामों की सूची भेजी हैं। दरअसल यूपीएससी को भेजे गये इस सूची में 30 वर्षों से अधिक समय तक सेवा दे चुके आईएएस अधिकारियों के नामों को शामिल किया गया हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आईपीएस अधिकारियों में झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक



अजय कुमार सिंह, होमगार्ड डीजी अनिल पलटा, प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता और वायरलेस में पद स्थापित प्रशांत सिंह समेत अन्य नाम शामिल हैं। अब यूपीएससी सूची में शामिल किसी तीन नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान करेगी। जिसके बाद स्वीकृति प्रदान की गयी सूची को वापस राज्य सरकार को भेज दिया जायेगा। वही, इस पैनल में से किसी एक नाम पर सरकार मुहर लगायेगी। जो झारखंड का अगला स्थाई डीजीपी बनेगे।

## जेडीयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के नक्सलियों से जुड़े तार!, आवास पर एनआईए का छापा



**गयाः** बिहार के गया में जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के आवास पर एनआईए की टीम ने छापा मारा है। गया शहर के रामपुर थाना क्षेत्र के एपी कॉलोनी स्थित मनोरमा देवी के आवास पर रेड जारी है। जानकारी के मुताबिक छापेमारी सुबह 4 बजे हुई और अभी भी घर में मौजूद लोगों से पूछताछ जारी है। इस दौरान एनआईए को कई अहम दस्तावेज मिलने की जानकारी सामने आ रही है। मनोरमा देवी के घर के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है और घर के अंदर किसी को जाने की इजाजत नहीं है। जिला पुलिस के सहयोग से एनआईए ने मनोरमा देवी के आवास पर छापेमारी की घटना को अंजाम दिया है। मनोरमा देवी के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई नक्सली गतिविधियों से तार जुड़े होने के सुराग मिलने के बाद की गई है। इस मामले में पुलिस ने 7 अगस्त 2023 को केस दर्ज किया था। जिसके बाद इस केस को एनआईए ने अपने पास ले लिया था। सितंबर 2023 में फिर से इस मामले में केस दर्ज किया गया था। मनोरमा देवी के पति बिंदेश्वरी यादव जिला पार्षद अध्यक्ष रहे हैं। उनका निधन हो चुका है। उनके खिलाफ नक्सल गतिविधियों में लिप्त होने का केस दर्ज किया गया था। नक्सलियों को कारतूस सप्लाई करने के आरोप में बिंदेश्वरी यादव को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए देशद्रोह का केस दर्ज किया था। जांच पड़ताल के दौरान उनकी गाड़ी से कारतूस बरामद किया गया था।

## आपसी विवाद में पति ने की पत्नी की हत्या

**खूंटीः** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के गुल्लू गांव से एक महिला की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। यहां एक बुजुर्ग पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी । घटना मुरहू थाना क्षेत्र के गुल्लू गांव की है। सूचना पाकर मुरहू थाना की पुलिस गुल्लू गांव पहुंची। जहां शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार दंपत्ति के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा था। झगड़ा करने के दौरान पति ने अपनी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला करना शुरू कर दिया। झगड़े की आवाज सुनकर पड़ोसी ईदनेश हनसोय, बचाव के लिए आया। इस बीच आरोपी और ईदनेश भी घायल हो गए। वहीं पत्नी की लगातार हमले से मौत हो गयी। पुलिस ने घायल आरोपी पति और पड़ोसी को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। मृतका की पहचान सोकोई बारला (50) और आरोपी पति की पहचान सुलेमान बारला (55) के रूप में हुई है।

### राहुल गांधी ने नवादा मसले पर नरेंद्र मोदी को घेरा, बोले-

## बिहार में अन्याय की डरावनी तस्वीर

**पटनाः** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने बिहार के नवादा में महादलितों का पूरा टोला जला देने की घटना को लेकर कहा कि बिहार में बहुजनों के विरुद्ध अन्याय की डरावनी तस्वीर उजागर कर रहा है। नवादा में बुधवार शाम जमीन विवाद को लेकर महादलितों के कई घरों को आग के हवाले कर दिया गया। यह घटना मुफस्सिल थाना अंतर्गत मांझी टोला इलाके में हुई। इतना ही नहीं दबंगों ने इस दौरान फायरिंग भी की। वैसे सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। नवादा मामले पर मुख्यमंत्री नीतीश ने की समीक्षा बैठक की है और एडीजी लेवल के अधिकारियों को जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिए हैं।



**वंचित समाज में मचा आतंकः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल साइट एक्स पर लिखा है कि नवादा में महादलितों का पूरा टोला जला देना, 80 से ज्यादा परिवारों के घरों को नष्ट कर देना बिहार में बहुजनों के विरुद्ध अन्याय की डरावनी तस्वीर उजागर कर रहा है। अपना घर-संपत्ति खो चुके इन दलित परिवारों की चीत्कार और भयंकर गोलीबारी की गूंज से वंचित समाज में मचा आतंक भी बिहार की सोई हुई सरकार को जगाने में कामयाब नहीं हो पाए। भाजपा और एनडीए के सहयोगी दलों के नेतृत्व में ऐसे अराजक तत्व शरण पाते हैं झ भारत के बहुजनों को डराते हैं, दबाते हैं, ताकि वो अपने सामाजिक और संवैधानिक अधिकार भी न मांग पाएं।

**प्रधानमंत्री का मौन इस बड़े षड़यंत्र पर स्वीकृतिः** राहुल गांधी ने आगे लिखा है कि प्रधानमंत्री का मौन इस बड़े षड़यंत्र पर स्वीकृति की मोहर है। राहुल गांधी ने कहा है कि बिहार सरकार और राज्य पुलिस को इस शर्मनाक अपराध के सभी दोषियों के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई कर, और पीड़ित परिवारों का पुनर्वास करा कर उन्हें पूर्ण न्याय दिलाना चाहिए।

**खरगे ने साधा भाजपा के सहयोगियों पर निशानाः** नवादा की इस घटना को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी मोदी सरकार पर निशाना साधा है।

## श्रीनगर की रैली में पीएम ने कहा, अब तीन खानदानों के शिकंजे में नहीं रहेंगे लोग

### बच्चों के हाथ में पेन है, किताबें हैं, लैपटॉप है

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में है। उन्होंने वहां सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने उनका अभिनंदन किया। आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को हुआ था, अन्य दो चरण 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होंगे। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी। अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में आप आए हैं। नौजवानों का ये उत्साह, बुजुर्गों की आंखों में शांति का संदेश और इतनी बड़ी मात्रा में माताएं-बहनें,ये नया कश्मीर है। मोदी ने कहा कि हम सबका मकसद जम्मू-कश्मीर की तेज तरक्की है। जम्मू-कश्मीर की तेज तरक्की का जज्बा और बुलंद



करने के पैगाम के साथ आज मैं आपके बीच आया हूं। मैं देख रहा हूं कि आज मेरे कश्मीर के भाई-बहन खुशामदीद पीएम कह रहे हैं। मैं तहेदिल से उनका शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में इस वक्त जम्हूरियत का त्योहार चल रहा है। कल ही यहां 7 जिलों में पहले दौर की वोटिंग हुई। पहली बार दहशतगर्दी के साए के बिना ये वोटिंग हुई। हम सभी के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग वोटिंग के लिए अपने घरों से बाहर निकले। नरेंद्र मोदी ने कहा कि किश्तवाड़ में 80% से ज्यादा वोटिंग, डोडा में 71% से ज्यादा वोटिंग, रामबन में 70% से ज्यादा और कुलगाम में 62% से ज्यादा वोटिंग हुई है। अनेक सीटों पर पिछली बार की वोटिंग के रिकॉर्ड टूट गए हैं। ये नया इतिहास बना है, ये नया इतिहास जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रचा है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया देख रही है कि जम्मू-कश्मीर के लोग किस तरह भारत के लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं। इसके लिए मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई देता हूं! विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले जब मैं जम्मू-कश्मीर आया था, तो मैंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर की बबार्दी के लिए तीन खानदान जिम्मेदार हैं। तब से, दिल्ली से लेकर श्रीनगर तक, ये लोग बौखलाए हुए हैं। इन्हें लगता है कि इनपर कोई कैसे सवाल उठा सकता है, इन्हें लगता है कि जैसे-तैसे कुर्सी पर कब्जा जमाना और फिर आप सबको लूटना इनका पैदाइशी हक है।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा, नेताओं ने बदला अपना प्रोफाइल पिक्चर




**रांची:** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड भाजपा परिवर्तन यात्रा शुरू करने वाली है। इसे लेकर पार्टी ने बुधवार से सोशल मीडिया पर अभियान शुरू किया है। इसके तहत पार्टी के सभी नेताओं ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से अपनी तस्वीरों को हटा लिया है। नेताओं ने अपने प्रोफाइल में परिवर्तन यात्रा का लोगो लगाया है। साथ ही नारा लिखा है- ना सहेंगे, न कहेंगे, बदल के रहेंगे। इसके साथ ही भाजपा नेताओं ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल में एक बैनर भी जारी किया है। जिसमें घोषणा पत्र पर सुझाव अभियान शुरू करने की बात लिखा है। साथ ही नारा दिया है- आपका सुझाव लाएगा झारकंड में बदलाव। इसके साथ ही पार्टी ने एक वाट्सएप नंबर भी जारी किया है, जिस पर मैसेज के जरिये कोई भी व्यक्ति अपना सुझाव दे सकते हैं। एक क्यूआर कोड भी है, जिसे स्कैन करके झारखंड भाजपा का पोर्टल खुलता है। इसमें सुझाव को लेकर एक संदेश दर्ज है।उल्लेखनीय है कि इससे पहले झारखंड भाजपा ने राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में परचा बांटो अभियान चलाया है। परचे में राज्य की हेमंत सरकार पर वादा नहीं निभाने का आरोप लगाया गया है। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं और उससे आम लोगों को हुए फायदे के बारे में बताया गया है।

### करंट लगने से युवक की मौत, ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

**हजारीबाग :** कटकमदाग थाना क्षेत्र स्थित बांका गांव में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गयी है। मृतक की पहचान बांका गांव निवासी चितरंजन प्रसाद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, चितरंजन जानवर लेकर जा रहा था। इसी क्रम में वह सड़क किनारे जमीन पर गिरे बिजली के तार की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इधर घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर हजारीबाग पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुट गयी है। बिजली विभाग पर लापरवाही का लगाया आरोपः ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उनका कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से हर दिन कुछ ना कुछ घटना होती रहती है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को इस मामले में संज्ञान लेने की मांग की है। साथ ही सारे गले तार को समय-समय पर बदलने और उसकी सर्विसिंग करने की मांग की है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में एक ही बार जो बिजली तार लगी है, उसी से काम चल रहा है। आज तक उसकी ना तो सर्विसिंग हुई और ना ही कभी बिजली विभाग के किसी अधिकारी ने इसकी जांच की। अगर कोई बिजली का पोल या तार जर्जर होता है तो विभाग को सूचना दी जाती है। लेकिन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी कभी भी स्थल का निरीक्षण करने नहीं आते हैं। ऐसे में बिजली की तार की चपेट में आने से लगातार मौतें हो रही है।

### आयोग के समन पर डीसी, एसपी और डीएफओ नहीं जायेंगे दिल्ली, पत्र भेजकर दिया जवाब

**पलामू:** जिले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने पर आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने डीसी शशि रंजन, एसपी रिस्मा रमेशन और डीएफओ सत्यम कुमार को समन जारी किया है। लेकिन पलामू राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के समन पर डीसी, एसपी और डीएफओ दिल्ली नहीं जायेंगे। आयोग को पत्र भेजकर बैठक में शामिल नहीं होने का जवाब दिया गया है। पत्र में लिखा गया है कि डीसी शशि रंजन छुट्टी पर थे और उनका चार्ज डीडीसी साबिर अहमद के पास था। एसपी रिस्मा रमेशन भी पलामू में बढ़ते बाढ़ के खतरे को देखते हुए क्षेत्र में निरीक्षण करने निकली थीं। उन्होंने बैठक में सदर एसडीपीओ मणि भूषण को अपने प्रतिनिधित्व के रूप में भेजा था। वहीं पलामू डीएफओ भी छुट्टी पर थे। जिसकी वजह से वह भी आयोग की बैठक में शामिल नहीं हो पाये थे। बता दें कि इससे पहले आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने पर रामगढ़ डीसी व रामगढ़ एसपी को भी आयोग ने समन जारी किया है। लेकिन दोनों अधिकारी भी आयोग के समन पर दिल्ली नही जा रहे हैं।

**तीनों अधिकारियों को समन जारी कर 20 सितंबर को आयोग के समक्ष उपस्थित होने को कहा था :** गौरतलब है कि राष्ट्रीय अनुसीचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा झारखंड के कई जिलों के दौरे पर है। इस दौरान आशा लकड़ा जिले में अधिकारियों के साथ बैठक भी कर रही हैं। इसी कड़ी में आयोग की सदस्य पलामू दौरे पर भी आयी थीं। इस दौरान उन्होंने समाहरणालय सभागार में एक बैठक बुलायी थी। लेकिन इस बैठक में डीसी, एसपी और डीएफओ शामिल नहीं हो सके थे। हालांकि पलामू जिला पुलिस-प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में शामिल नहीं होने पर डीसी, एसपी और डीएफओ को समन जारी किया गया है। आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने समन जारी कर तीनों अधिकारियों को 20 सितंबर को आयोग के समक्ष उपस्थित होने को कहा था।

### एटीएम काटकर 23 लाख की चोर

**रामगढ़:** जिले में नकाबपोश चोरों ने एक बार फिर एसबीआई बैंक को अपना निशाना बनाया है। कुजू ओपी क्षेत्र के तोपा चौक पर एसबीआई के एटीएम को काटकर 23.50 लाख रुपये की चोरी कर ली। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वारदात मंगलवार सुबह तीन बजे की है। घटना की सूचना पर जब डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन वत्स और अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे, तो चोरों की हाथ की सफाई देख कर दंग रह गए। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार तड़के तीन नकाबपोश चोर बंद एटीएम के शटर को गैस कटर से काट कर अंदर घुसे। इसके बाद गैस कटर से ही एटीएम मशीन को काटा और उसमें रखे लाखों रुपये निकाल कर फरार हो गए। चोरों ने मात्र 15 मिनट में ही एटीएम मशीन को काट डाला। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में तो कैद हो गई है, लेकिन चोरों की पहचान नहीं हो सकी है। बता दें कि तोपा चौक पर गुलाम मुस्तफा के आवास पर एसबीआई का एटीएम लगा हुआ है।

## अभिनंदन सह मिलन समारोह

# प्रदेश अध्यक्ष व कृषि मंत्री ने गिनायी सरकार की उपलब्धियां

मेट्रो रेज



**सिल्ली:** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी की ओर से सिल्ली के प्रेम वाटिका एंव कारियाडीह में अभिनंदन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए बेहतर काम कर रही है सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से विपक्ष में बैठे भाजपा-आजसू के नेताओं का नींद उड़ गया है, यहां 2024 में पुनः महागठबंधन की सरकार बनेगी। कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपने संबोधन में कार्यकताओं का हौसला बुलंद करते हुए कहा सरकार ने दो साल कोविड के कठिन दौर में भी लोगों को आहार, रोजगार के अलावे मजदूरों के लिए काम किया। अब कम समय में बेरोजगारों को रोजगार, महिलाओं के सम्मान में कार्य कर रही है तो विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। हमारी सरकार ने कृषि ऋण माफी योजना के तहत करीब 4.73 लाख किसानों का ऋण माफ किया है और इस साल 6.63 लाख किसानों का 2 लाख तक का कर्ज माफ होगा। पूंजीपतियों का हजारों करोड़ रूपए ऋण माफ करने वाले बीजेपी के लोग किसान हितैषी होने का ढंग रचते है। कृषि मंत्री ने 27 एकड़ जमीन में फैले प्रोजनी बाग का निरिक्षण किया इस दौरान यहां लगे आम के बगान समेत उसमें पेड़ों की संख्या, उत्पादन एंव सरकार को होनेवाले वाले राजस्व की जानकारी ली। मंत्री ने कहा उद्यान को घेराबंदी कर सुरक्षित किया जायेगा। समारोह का संचालन राँची ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एंव ग्रामीण उपस्थित थे।

### घुसपैठ हुआ है तो गृहमंत्री मंत्री जिम्मेवार : दीपिका पाण्डेय

**झारखंड** में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को लेकर कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह से पूछे जाने पर कहा अगर घुसपैठ हुआ है तो इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं। यह सवाल गृह मंत्री अमित शाह से पूछना चाहिए।उन्होंने कहा बीजेपी मंदिर मस्जिद छोड़ कर कोई दूसरी राजनीति नहीं कर सकती है।

# नक्सली स्थापना दिवस पखवाड़ा में परीक्षार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार : सुनील सिंह



मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा सामान्य स्नातक यानी सीजीएल परीक्षा 21 और 22 सितंबर को ली जानी है। इसी पखवाड़े में 21 से 27 सितंबर तक नक्सली स्थापना दिवस भी है। इसे लेकर परीक्षार्थियों के अंदर भय व्याप्त हो रहा है, ऐसे में किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित हो सकती है। इसे लेकर छात्राओं के साथ उनके परिवारों को भी चिंता सता रही है। इस निमित झारखंड के विभिन्न जिलों से छात्र-छात्राओं द्वारा रांची में सुरक्षा के निमित्त अपनी मांगों को लेकर जेएसएससी के चेयरमैन, सीएमओ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, तथा राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें परीक्षार्थियों का कहना है कि झारखंड में 21 सितंबर से 27 सितंबर तक नक्सली स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवधि के दौरान नक्सली संगठन छोटे-मोटे हमले कर सकते हैं। दुर्भाग्य से इसी समय जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 21 और 22 सितंबर को निर्धारित की गई है। इस संवेदनशील अवधि में कई परिवार अपने बच्चों को सुरक्षा की दृष्टि से घर से बाहर जाने से रोक रहे हैं। परीक्षा में लगभग 6:50 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे, और इतनी बड़ी संख्या में भीड़ के साथ नक्सली संगठन को हमले का अवसर मिल सकता है। विशेष रूप से छात्र परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप, और विभिन्न प्रमुख चौक चौराहों का उपयोग करेंगे,जहां पर भारी भीड़ रहेगी। नक्सलियों का नजर मुख्य स्टॉप और चौक चौराहों पर रहता है, जिससे उन्हें आसानी से सफलता मिल सकती है। इसके अलावा छात्रों की आवागमन के दौरान भारी मात्रा में परिवहन का उपयोग होगा। जिससे मार्गों पर लैंड माइंस की संभावना बढ़ जाती है जिससे एक बड़ा सुरक्षा संकट उत्पन्न हो सकती है। इस विषय को लेकर विद्यार्थियों की एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह से मिले और लेटर देते हुए सुरक्षा संबंधी अपनी मांगों को लेकर चर्चा की। मौके पर सुनील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की बातों को सुना और सुरक्षा संबंधी उनकी मांगों का समर्थन किया। वहीं सुनील सिंह ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार को उत्पाद सिपाही बहाली में 17 अभ्यर्थियों की दौड़ के दौरान मृत्यु होना और लगभग 200 अभ्यर्थियों को डायलिसिस पर हैं। जिससे सरकार को सबक लेना चाहिए?

### प्रोजेक्ट भवन घेराव कार्यक्रम को लेकर अजय राय ने विद्युतकर्मियों संग की बैठक



**रांची:** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने क्षेत्र का दौरा किया और विद्युत कर्मियों के साथ सीआईपी टीना मैदान में बैठक की । इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि 23 सितंबर का प्रोजेक्ट भवन घेराव कार्यक्रम आर पार की लड़ाई होगी जिसमे हरेक विद्युतकर्मी की सहभागिता उनका भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी एक जुट होकर उस दिन घेराव कार्यक्रम में शामिल हो ताकि ऊर्जा निगम से लेकर सरकार तक को मालूम हो कि किसके बलबूते विद्युत सप्लाई की व्यवस्था चल रही है।

आउटसोर्स व्यवस्था खत्म करो, ऊर्जा निगम पुरानी व्यवस्था लागू करो, होमगार्ड के तर्ज पर मानदेय 1000 रुपए से ऊपर अनुभव के आधार पर चार वर्गों में तय हो , नियमित नियुक्ति में प्राथमिकता तय हो ,10 वर्ष से ऊपर सेवा देने वाले कर्मियों का नियमित नियुक्ति हो,सभी सप्लाई एवं ट्रांसमिशन जोन में हुए एरियर घोटाले की जांच हो और जहां एरियर नहीं दिया गया है वहां पर उसका भुगतान सुनिश्चित हो आदि मांगे श्रमिक संघ की ओर से रखी गई हैं। सब डिवीजन से उमेश कुमार, मोहम्मद शमी, इमरान अंसारी,रविंद्र महतो,दीपक कुमार, सचिंद्र महतो, संजय उरांव, पंचू कुमार, मनु महतो, ललित महतो, मोहम्मद तौहीद ,दिलीप महतो, इम्तियाज अंसारी, चंद्र देव महतो ,संजीत राम, राजकुमार व अन्य शामिल हुए।

### सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू

**रामगढ़:** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिला कर की गई। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने सभी अधिकारियों तथा कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर से शुरू हुए इस अभियान का समापन आगामी 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के आयोजन के साथ होगा। इस दौरान सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा कई गतिविधियां की जाएंगी। इसमें स्कूलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन, ग्राम सभा की बैठक, वृक्षारोपण, सफाई अभियान, सफाई मित्रों के लिए कल्याण कार्यक्रम व पदयात्रा सहित कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। आशीष ने बताया कि इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा का मुख्य थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता है, जिसके मुख्य बिंदु लक्षित सफाई इकाई, स्वच्छता में जन भागीदारी तथा सफाई मित्र हैं। सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा आसपास के सभी ग्रामीणों से अपील की गई कि अपने घर, मुहल्ले तथा गांव को साफ एवं स्वच्छ रखें। इस मौके पर सहायक प्रबंधक (कार्मिक) सिम्मी सुप्रिया टोपो, विनय कुमार, आभास शिखर, संदीप बोरकर, धर्मेंद्र सिंह, प्रणव, विकास राय, संजय तिवारी सहित कई मौजूद थे।

# धनबाद : चिनप में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू, कर्मियों ने ली शपथ

**धनबादः :** चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत हुई। कार्यपालक पदाधिकारी विजय हांसदा ने समारोह में सभी कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कर्मियों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने का वचन दिया। कहा कि साल में 100 घंटे और सप्ताह में 2 घंटे श्रमदान कर अपने आसपास के इलाके को स्वच्छ रखने का काम करेंगे। न खुद गंदगी फैलाएंगे, न ही दूसरों को गंदगी फैलाने देते हैं। इसकी शुरूआत अपने कार्यस्थल और परिवार से करेंगे। साथ ही 100 अन्य लोगों को भी स्वच्छता अभियान से जोड़कर उन्हे भी शपथ दिलाएंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी हांसदा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छ और विकसित देश की कल्पना की थी। उसी परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।



### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 21 और 22 सितंबर को, लातेहार में बनाये गये 18 केंद्र

**लातेहारः** झारखंड सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता (जेएसएससी सीजीएल) की परीक्षा रांची समेत अन्य जिलों में 21 और 22 सितंबर को आयोजित होने वाली है। परीक्षा पूर्वाह्न 08:30 बजे से अपराह्न पांच बजे तक कुल तीन पालियों में होगी। लातेहार जिला में भी परीक्षा के लिए कुल 18 केंद्र बनाये गये हैं। डीसी गरिमा सिंह ने परीक्षा के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए कई दिशा निर्देश जारी किये हैं। उन्होने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाये गये तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिये प्रतिनियुक्त स्टैटिक, सेंटर ऑब्जर्वर एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निदेशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करायेंगे।

# बकरी बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के प्रधान पुजारी रहे आचार्य हरि नंदन मिश्र की रही है विशिष्ट पूजा पद्धति






ज्योति पाठक

**रांची** की दुर्गा पूजा अपने आप में अलौकिक है । सभी पूजा पंडाल अपनी-अपनी विशेषता के कारण अपनी दमदार पहचान रखते हैं। इसी कड़ी में अपर बाजार स्थित बकरी बाजार के भारतीय नवयुवक संघ पूजा पंडाल अपने विशेष पूजा अर्चना, आकर्षक सजावट और बेहतर विधि व्यवस्था के कारण रांची में अपनी दमदार पहचान रखता है। इस स्थल पर दुर्गा मंदिर के प्रधान पुजारी रहे प्रकांड विद्वान आचार्य हरिनंदन मिश्र इस पूजा पंडाल में पूजा अर्चना कराते रहे हैं। विगत कुछ वर्षों से अस्वस्थ रहने के कारण मंदिर व पंडाल नहीं आ पाते किन्तु इनके योगदान को आज भी मंदिर और दुर्गा पूजा समिति के लोग याद करते हैं। आचार्य श्री मिश्र कई वर्षों से मंदिर तथा दुर्गा पूजा पंडाल से जुड़े रहे और निरंतर अपने सकारात्मक सहयोग देते रहे आज भी इन्हें लोग याद करते हैं। 89 वर्षीय श्री मिश्र अपनी यादों को साझा करते हुए बताते हैं कि इस मंदिर और पूजा पंडाल से उनका आत्मीय लगाव है और वे इस समिति से जुड़े लोगों से अपनत्व, लगाव और स्नेह को काफी उत्कृष्ट मानते हैं। भले ही आज श्री मिश्र बढ़ती उम्र और अस्वस्थता के कारण यहां नहीं आ पाते किन्तु उनकी सेवा और समर्पण को लोग आज भी याद करते हैं।

# आज शाम पांच बजे रांची आयेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## वाहनों का परिचालन शाम 5 बजे से रहेगा बंद

मेंट्रो रेज

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम रांची आयेंगी। उनके कार्यक्रम स्थल तक जाने के लिए रूट प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके मद्देनजर रांची शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राष्ट्रपति आज एयरपोर्ट से एचइसी गेट, हरमू बाइपास व रातू रोड होते हुए राजभवन पहुंचेंगी। वहीं, 20 सितंबर को नामकुम के लाह रिसर्च सेंटर जायेंगी। यहां कार्यक्रम समाप्ति के बाद सदाबहार चौक से कुसई कॉलोनी, पुराना हाइकोर्ट भवन डोरंडा व हिनू होते हुए एयरपोर्ट जायेंगी।



19 सितंबर का रूट प्लानः ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बुधवार को रूट प्लान जारी किया है। 19 सितंबर को राजधानी में शाम 5:00 बजे से रात 8:30 बजे तक छोटे-बड़े सभी मालवाहक वाहन, बस व सवारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इसमें आवश्यक सेवा के वाहनों को छूट रहेगी। 19 सितंबर को रातू के काठीटांड़ की ओर जाने वाले सभी वाहन कांके की ओर से रिंग रोड होते हुए गंतव्य तक जा सकते हैं। 19 सितंबर को एचइसी गेट से लेकर अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, किशोरगंज चौक, न्यू मार्केट चौक व हॉटलिप्स चौक तक के मार्ग का उपयोग उक्त समय में कम से कम करने की सलाह दी गयी है। आवश्यकतानुसार, अन्य मार्गों को कुछ समय के लिए डायवर्ट और बंद किया जा सकता है।

20 सितंबर का रूट प्लानः 20 सितंबर को सुबह 9:00 से 12:00 बजे तक अरगोड़ा चौक से कडरू पुल एवं कडरू पुल से मेकन चौक तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

रांची शहर में सुबह 8:00 बजे से 12:30 बजे तक छोटे-बड़े सभी मालवाहक वाहनों, बस व सवारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

दुर्गा सोरेन चौक से लेकर रामपुर चौक रिंग रोड तक बड़े वाहनों, बस व सवारी वाहनों का प्रवेश और परिचालन वर्जित रहेगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले वाहनों एवं आकस्मिक वाहनों को छोड़ कर।

सुबह 10:00 बजे से 3:00 बजे तक नामकुम चौक, सदाबहार चौक, घाघरा रोड होते हुए जैप-वन के कमांडेंट आवास चौक तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश और परिचालन वर्जित रहेगा।

जमशेदपुर व बुंडू की ओर से आनेवाले सभी प्रकार के वाहन रिंग रोड से दाहिने लेकर टाटीसिलवे होते हुए शहर में प्रवेश करेंगे।

रांची से जमशेदपुर की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन दुर्गा सोरेन चौक से दाहिने लेकर टाटीसिलवे होते हुए रिंग रोड के रास्ते गंतव्य तक जायेंगे।

## न्यूज ब्रीफ




### मंत्री सत्यानन्द भोगता आज लातेहार-गढ़वा में

**रांचीः** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता आज 19 सितंबर 2024 दिन गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर हवाईमार्ग से गढ़वा पहुँचेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री सोरेन व मंत्री श्री भोगता गढ़वा एवं लातेहार दोनों जिले के संयुक्त रूप से गढ़वा मे आयोजित आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत अन्य लाभुकों के बीच करोड़ों रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। साथ ही जिले के कई महत्वपूर्ण योजनाओं का विधिवत शिलान्यास व उदघाटन करेंगे।

### आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान




**रांचीः** भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के होटल प्रबंधन विभाग के सहयोग से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 2024 के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और समुदाय में स्वच्छता के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष डॉ पंकज चटर्जी द्वारा की गई, उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और यह बताया कि कैसे हम सभी अपने छोटे-छोटे प्रयासों से देश को स्वच्छ और स्वस्थ बना सकते हैं। इस अवसर पर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की प्रतिनिधि सुश्री देविका मंडल ने कहा, ₹स्वच्छता केवल एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के समग्र विकास का आधार है। हम सभी को मिलकर एक साफ और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस मौके पर विभाग के सभी छात्रों, शिक्षक और कर्मचारियों ने मिलकर स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इसके बाद, छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें परिसर की सफाई और स्वच्छता से संबंधित जागरूकता सत्र शामिल थे। इसके उपरांत देविका मंडल ने पर्यटन मंत्रालय के देखो अपना देश कार्यक्रम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छात्रों को दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों को पहचानने और उनकी महत्ता को समझने के लिए आयोजित किया जाता है। छात्रों को इस पहल के तहत यात्रा करने और अपने देश की खूबसूरती का अनुभव करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में अंकित प्रकाश, शमीक चटर्जी और आलोक कुमार, सहायक प्रोफेसर, होटल प्रबंधन विभाग का विशेष सहयोग रहा।

### फ्लिपकार्ट ऑफिस में चोरी, नगद ,पार्सल व अन्य सामान लेकर भागे हथियारबंद चोर



**चतरा :** जहां जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के करनी रोड में होटल शाही पैलेस स्थित फ्लिपकार्ट ऑफिस में हथियारबंद चोरों ने बुधवार देर रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने फ्लिपकार्ट ऑफिस में सेंटर का ताला काट कर 4 लाख नगद समेत फ्लिपकार्ट का पार्सल और अन्य सामान लेकर फरार हो गया। घटना के बाद सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार इटखोरी थाना क्षेत्र के करनी रोड स्थित फ्लिपकार्ट ऑफिस में चोरों ने बेखौफ तरीके से हाथ में हथियार लेकर अंदर घुसे और हथियार के बल पर इस लूट की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने 4 लाख नगदी सहित फ्लिपकार्ट का पार्सल पर अपना हाथ साफ किया है। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि चोरों के मन में पुलिस का कोई डर ही नहीं है। यही कारण है कि चोर खुलेआम हथियार लेकर रात में चोरी करने पर उतर आए हैं। हालांकि चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसके आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### होटल में छापेमारी, दो लड़कियों को कराया गया मुक्त

**रांचीः** चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित पटेल चौक के पास से एक होटल में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो लड़कियों को पुलिस ने मुक्त कराया है। वहीं होटल संचालक को गिरफ्तार किया गया है। वरीय पुलिस अधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि मानव तस्करी के लिए चुटिया इलाके की दो लड़कियों को होटल में रखा रखा गया है। कहीं बाहर ले जाने की तैयारी ही रही है। सूचना प्राप्त होते ही वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर सिटी डीएसपी केवी रमन और चुटिया थानेदार लक्ष्मीकान्त ने दलबल के साथ मंगलवार की दोपहर में छापेमारी की। जहां से एक नाबालिग सहित दो लड़कियों को बरामद किया है। पुलिस होटल संचालक अविनाश कुमार को हिरासत में लिया। उसके बाद थाना में महिला पुलिस पदाधिकारी के द्वारा दोनों लड़कियों से पूछताछ की। बरामद की गई दोनों लड़कियां चुटिया इलाके की हैं। पूछताछ में लड़कियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें काम करने के बहाने लाया गया था,लेकिन होटल में उससे गलत काम करवाने लगा।

## बेहतर शिक्षा में निजी विद्यालयों का रोल अहमः सत्यानंद भोक्ता

मेंट्रो रेज

**रांचीः** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से 12वें शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन एसडीसी सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद की अध्यक्षता में किया गया। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उद्घाटन किया। वहीं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में झारखंड के 24 जिलों के करीब 50 से ज्यादा स्कूलों के 890 शिक्षकों को शिक्षा और समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि निजी




विद्यालयों के उत्कृष्ट कार्य भुलाये नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों की जो समस्याएं हैं, उन्हें दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज जो झारखंड की शिक्षा बेहतर है उसमें निजी विद्यालयों का भी रोल अहम है।

उन्होंने कहा कि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने बिहार/झारखंड के नीजि विद्यालयों का एक मजबूत संगठन बनाया है, जो सराहनीय है और इनके माध्यम से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है जो और भी सराहनीय है। राष्ट्रीय अध्यक्ष, सैयद शमायल अहमद ने मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग किया कि पिछली सरकार ने जो नीजि स्कूलों को जमीन की बाध्यता लगाई है उसे खत्म किया जाए। नीजि स्कूलों को अगर जमीन की बाध्यता खत्म न गई तो शिक्षा जगत में गिरावट आ जायेगी। विशिष्ट अतिथि राजेश सिन्हा सन्नी ने संस्था के कार्य को सराहा। पासवा के राज्य महासचिव मसूद कच्छी ने भी अपने विचार रखा। मौके पर निशा भगत उपाध्यक्ष पासवा, मुमताज आलम, वर्किंग अध्यक्ष मास्टर उस्मान, तौफीक हुसैन, बीएनपी बरनवाल,प्रदीप कुमार, गौतम, ग्यासुद्दीन, हुसैन अंसारी, साबिर हुसैन व अन्य शामिल थे।

## अमित शाह का रांची में कार्यक्रम, एयरपोर्ट व होटल रेडिसन ब्लू नो फ्लाइंग जोन घोषित

**रांची :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का 19 और 20 सितंबर को रांची में प्रस्तावित कार्यक्रम है। इसको लेकर राजधानी के कई इलाके को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। सदर एसडीओ ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से धारा 163 के तहत 19 सितंबर को सुबह 5 बजे से 20 सितंबर की रात 11 बजे तक बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, हिनू चौक से राजेंद्र चौक, सुजाता चौक होते हुए होटल रेडिसन ब्लू की 200 मीटर की परिधि को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। साथ ही इन



क्षेत्रों में और इसके ऊपर ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बलून पूर्णतः वर्जित रहेगी।

## दुर्गा पूजा : भगवान आदियोगी शिव के प्रारूप का बन रहा है भुताहा तालाब का पंडाल

मेंट्रो रेज

**रांची :** श्री दुर्गा पूजा समिति भुताहा तालाब का पंडाल कोयंबटूर के आदियोगी के महादेव ध्यान की मुद्रा में बनाया जा रहा है। भगवान आदियोगी के सामने नंदी महाराज और भोले के गले में सर्प होगी। भगवान के शीश पर अर्धचंद्र भी दिखाई देगा। श्री दुर्गा पूजा समिति पिछले 98 वर्षों से नवरात्र में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा करती आ रही है। पंडाल की ऊंचाई 35 फिट,लंबाई 35 फीट,चौड़ाई 40 फीट होगी, जिसमें माता की 16 फिट की दिव्य प्रतिमा स्थापित की जायेगी। प्रतिमा का निर्माण मूर्तिकार रामपाल जी द्वारा किया जा रहा है। पंडाल का निर्माण पश्चिम बंगाल के कलाकार प्रदीप बंगाली और मातादीन टेंट हाउस के कारीगरों द्वारा कराया जा रहा है।

**भव्य भंडारा भी भक्तों के लिए रखा गया हैः** पूजा समिति के आयोजक संजय सिंह (लल्लू सिंह) ने बताया कि आकर्षक विद्युत सज्जा,तोरणद्वार, लाइटिंग, साउंड, प्रतिमा, पूजन सामाग्री आदि कर कुल मिलाकर लगभग सात लाख पचास हजार रूपए खर्च किए जाएंगे। लल्लू सिंह ने बताया कि सप्तमी को नव प्रतिमा प्रवेश के बाद श्रद्धालु के लिए पट खोल दिया जाएगा और साथ ही सप्तमी, अष्टमी, नवमी, दशमी एवं विसर्जन के दिन भी भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि मां भवानी अपने भक्तों को रांची के भुतहा तालाब में ही कोयंबटूर की तर्ज पर बने आदियोगी पंडाल में दर्शन देंगी। वहीं पंडाल की सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरे, गार्ड वॉलिंटियर्स मौजूद रहेंगे।



## वन नेशन वन इलेक्शन का निर्णय ऐतिहासिकः बाबूलाल मरांडी



**रांचीः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को स्वीकृत किए जाने पर खुशी व्यक्त किया है। कहा कि यह निर्णय ऐतिहासिक है तथा दूरदर्शी सोच का परिचायक है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविद की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति ने जो सुझाव दिए उसकी स्वीकृति मोदी मंत्रिमंडल में आज मिली है। यह निर्णय भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश की चुनाव प्रणाली को मजबूती प्रदान करेगा। देश में बहुमूल्य संसाधनों की बचत होगी। साथ ही विकास योजनाएं सुचारू ढंग से गतिशील बनी रहेंगी। मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई एवम शुभकामनाएं दी है तथा आभार प्रकट किया है।

### मोदी सरकार जो कहती है उसे निश्चित पूरा करती हैः प्रतुल

**रांचीः** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन भारतीय जनता पार्टी के एजेंडा में भी था। अब केंद्र सरकार ने इसके प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रतुल ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन होने से भारी पैमाने पर समय और संसाधन की बचत होगी और विकास कार्य भी तेज होगा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में बनी कमेटी ने हजारों पन्ने की अपनी रिपोर्ट मार्च में ही केंद्र सरकार को सौंप दी थी। इस मुद्दे पर पूरे देश में संबंधित लोगों से समिति ने व्यापक चर्चा की गई थी। यह सत्य है कि हर समय देश में किसी न किसी राज्य में या किसी क्षेत्र में चुनाव होता रहता है।आदर्श आचार संहिता लग जाने के कारण विकास कार्य बाधित रहता है। वन नेशन वन इलेक्शन से इस समस्या का निदान हो जाएगा। वन नेशन वन इलेक्शन चुनाव की सुधार प्रक्रिया में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। संभव है आने वाले सत्र में सदन में कोविंद कमिटी की रिपोर्ट को पेश करके चर्चा कराए जाने की संभावना है। यह मोदी सरकार है।

## झामुमो ने किया वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध

मेंट्रो रेज

**रांचीः** झामुमो ने मोदी कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव वन नेशन, वन इलेक्शन का विरोध किया है। कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी देश को अधिनायक वाद की ले जाना चाहते हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा की मंशा तो संविधान बदलने तक की है। यह बातें झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टचार्य ने पार्टी ऑफिस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा को कोई नहीं बचा सकता। आज का फैसला तय कर दिया है कि इस देश का अगला स्वरूप क्या होने जा रहा है। विविधताओं से भरा देश है। हर राज्य का अपना-अपना पर्व होता है। राज्य के पर्वों में भी अंतर है। परीक्षाएं चलती है। नौकरियों की प्रक्रिया चलती हैं। ना त्योहार मना पाएंगे ना परीक्षाएं देने देंगे। यह किसने कह दिया कि एक साथ वोटिंग होता तो प्रतिशत बढ़ जाएगा। राज्य की आकांक्षाएं और मुद्दे अलग। सोच अलग होती है। केंद्र के मुद्दे अलग होती है। दोनों को एक साथ नहीं मिला सकते। विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देंगे। जिस आग को लेकर भाजपा चल रही है। वह आग उन्हीं को जलाकर राख करेगी।

सुप्रियो ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएं लोकसभा से लेकर ग्राम पंचायत हैं। लगभग 25 लाख जन प्रतिनिधी चुनकर आते हैं। उनके अधिकारों पर कुठारघात है। झारखंड में परंपरागत शासन व्यवस्था, आदिवासी परंपरा पर कुठाराघात,यह असंभव है अतार्किक है। संविधान में वर्णित है कि सरकार की व्यवस्थाएं होंगी। जिनकी बहुत होगी, उनकी सरकार बनेगी। एक विपक्ष भी होगा जो समय-समय पर सरकार की आलोचना करेगा। विपक्ष को समाप्त करने की योजना। भाजपा निर्वाचित सरकारों को गिराती है। तोड़ती है। दलों के तोड़ती है। खरीद-फरोख्त और प्रलोभन देकर, डराकर अपने तरफ ले जाती है। आरएसएस मनुवादी, एकात्म मानववाद, ये गांधी के देश को बर्बाद करने पर तुले हैं।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -1. RANCHI**

**VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**

In Sealed quotation (inclusive of all taxes, labour Cess & overhead Charges) are invited for the work of **Supply & Installation for Centralize AC Work at Maulana Azad Senate Hall, R.U. Administrative Campus, Ranchi** by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi from agencies having similar works experience in any govt. building at the Office of the undersigned on 25.09.2024 up to 3.00 pm and will be opened on 25.09.2024 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-1, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening. Detail list of work, specification, Quantity & Unit etc. may be obtained from the office in working day up to 23.09.2024 which Cost of Bid Rs. 10000/- for work in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code – 0167)/any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi. Quotationers may quote for any work or all the work as desired.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be 2% of the quoted amount (Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-1, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) Similar nature works experience in any govt. building (4) All technical specification must be complied, no deviation will be accepted.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

*Executive Engineer*
*Building Construction Department*
*Building Division No.-1, Ranchi*

PR 335907 Building(24-25)D

## सुविचार

**काम करो ऐसा की एक पहचान बन जाये**
**हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जाए**

## कश्मीर में नई शुरूआत

जम्मू-कश्मीर के सात जिलों की 24 विधानसभा सीटों पर बुधवार को हुई पहले चरण की वोटिंग को आधार बनाया जाए तो ये चुनाव कई मायनों में ऐतिहासिक कहे जा सकते हैं। शांति, सुव्यवस्था और लोगों की भागीदारी की दृष्टि से ये चुनाव उन तमाम नैरेटिव के लिए पूर्णविराम साबित हो सकते हैं जो बाहरी शक्तियां कश्मीर को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चलाती रहती हैं। जम्मू-कश्मीर में पिछले एक दशक में यह पहला विधानसभा चुनाव है। ये दस साल जम्मू-कश्मीर के लिए इस मायने में भी खास रहे कि इस दौरान न केवल संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत उसे हासिल विशेष दर्जा समाप्त कर दिया गया बल्कि वह राज्य से केंद्रशासित क्षेत्र में तब्दील हो गया। स्वाभाविक रूप से इन बड़े कदमों को लेकर वहां के लोगों की राय बंटी हुई है और कुछ हलकों में इसे लेकर गहरा असंतोष भी है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि इस असंतोष ने भी लोगों को चुनाव प्रक्रिया से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई है। इन चुनावों में अनुच्छेद 370 की वापसी और राज्य का दर्जा प्रमुख मुद्दों के रूप में सामने आए हैं। रोजगार एक और बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। लेकिन लोगों की इन भावनाओं को देश के अन्य हिस्सों में मतदाताओं की आकांक्षाओं और उनके असंतोष से अलग नहीं कहा जा सकता। पिछले तीन-चार दशकों के अनुभव की रोशनी में देखें तो यह बड़ा महत्वपूर्ण फर्क है। चुनावों के बहिष्कार की अपीलों, धमकियों और चेतावनियों के बीच लोगों के ऐसे ही असंतोष अलगाववाद और उग्रवाद के समर्थन में इस्तेमाल कर लिए जाते थे। इस बार मतदाताओं की लंबी कतारों ने ऐसी गुंजाइश नहीं रहने दी। इसी साल हुए लोकसभा चुनाव के वोटिंग आंकड़ों का पीछे छूटना बेहद अहम है। लोकसभा चुनावों में 58.46 फीसदी वोटिंग हुई थी जो पिछले 35 साल का रेकॉर्ड था। सबसे बड़ी बात यह कि ये चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण रहे। इसका श्रेय सुरक्षा बलों और प्रशासनिक तंत्र को देना पड़ेगा। जहां तक बात आतंकवाद के आकाओं की है तो उनकी तरफ से तो इन चुनावों को बाधित करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी गई थी। चुनाव की घोषणा होने के बाद न केवल सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें बढ़ीं बल्कि आतंकी हमलों के भी काफी प्रयास हुए। मगर आतंकी तत्व आम लोगों की सोच को बदलने में कामयाब नहीं हो सके। यह चुनाव जम्मू-कश्मीर की आतंकवाद से मुक्ति का निर्णायक बिंदु साबित हो तो आश्चर्य नहीं।

## अधिक नहीं है समय

जिन अप्रत्याशित हालात में आतिशी को आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की जगह दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है, वही हालात उनके इस कार्यकाल को बेहद चुनौतीपूर्ण भी बना रहे हैं। विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कई उदाहरण हाल के वर्षों में दिखे हैं, लेकिन यह मामला उन सबसे अलग है। पिछले करीब दो साल न केवल आम आदमी पार्टी के लिए बल्कि दिल्ली सरकार के लिए भी इस मायने में चुनौतीपूर्ण रहे कि एक-एक कर उसके कई बड़े नेता और मंत्री जेल भेज दिए गए। मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल जाने के बाद संकट और गहराया। उस अवधि में आतिशी ने पार्टी का प्रभावशाली ढंग से बचाव किया। पार्टी में उनकी बढ़ी हुई हैसियत का संकेत इस बात से भी मिला कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने जेल के अंदर से पत्र भेजकर कहा कि 15 अगस्त को उनकी जगह आतिशी के हाथों झंडोत्तोलन होना चाहिए। यह स्पष्ट है कि आतिशी को इस पद पर बहुत ज्यादा समय नहीं मिलने वाला। उनके हिस्से में यह पद तब आया जब पार्टी के दो सबसे बड़े नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने कह दिया कि वे नए सिरे से जनादेश हासिल करने के बाद ही पद पर बैठेंगे। अगर पार्टी जनादेश हासिल नहीं कर पाती तब तो उन्हें पद छोड़ना ही पड़ेगा, अगर पार्टी चुनाव जीतती है तब भी मुख्यमंत्री पद से उनका हटना लगभग तय है। ऐसे में अगर उन्हें अपने कामकाज की छाप छोड़नी है तो उसके लिए वक्त सचमुच बहुत कम है। दिलचस्प बात है कि उनकी पार्टी समय से पहले नवंबर में ही चुनाव करवाने की मांग कर रही है और बीजेपी भी ललकारने की मुद्रा में इसके लिए खुद को तैयार बता रही है। वैसे सचाई यह है कि मतदाता सूची के नवीकरण जैसे तकनीकी मसलों की वजह से वक्त से पहले चुनाव कराना चुनाव आयोग के लिए मुश्किल है। वैसे आप नेतृत्व भी वास्तव में अगर जल्द चुनाव चाह रहा होता तो सरकार विधानसभा भंग करने की सिफारिश कर देती। यानी चार-पांच महीने का वक्त आतिशी सरकार के पास है। देखना होगा कि वह इसका कैसा इस्तेमाल करती है। देखने वाली बात यह भी होगी कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारियों से मुक्त अपने दो नेताओं की ऊर्जा का आम आदमी पार्टी किस तरह का इस्तेमाल करती है। दिल्ली में निश्चित रूप से उसकी लड़ाई बीजेपी के साथ ही कांग्रेस से भी अपनी जमीन बचाने की होगी, लेकिन हरियाणा जैसे राज्यों में उसके तेवर की परीक्षा इस लिहाज से भी होगी कि विपक्षी गठबंधन इंडी की एकजुटता को कितना पक्का माना जाए। कुल मिलाकर, दिल्ली में शुरू हुए आप के इस नए प्रयोग और उसके नतीजों पर सबकी नजरें होंगी।

# अर्थव्यवस्था में भारत ऊंची छलांग लगाने को तैयार

**एक अनुमान के अनुसार जर्मनी अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2024 में भी कम होने जा रहा है, यह वर्ष 2023 में भी कम हुआ था और इसके वर्ष 2025 में भी सुधरने की सम्भावना कम ही दिखाई दे रही है। जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2024 के दौरान 0.1 प्रतिशत की कमी की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। बेरोजगारी की दर भी 6.1 प्रतिशत के स्तर तक ऊपर जा सकती है।**

**प्रहलाद सबनानी**

भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.93 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जबकि, जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष बनी हुई है और जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है अथवा इसके ऋणात्मक रहने की भी प्रबल सम्भावना है। इस दृष्टि से मार्च 2025 तक भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं मार्च 2026 तक भारत जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हाल ही के समय में जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की समस्याएं दृष्टिगोचर हैं, जिनके कारण इन दोनों देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले वर्षों में विपरीत रूप से प्रभावित रह सकती है।

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात लगातार 4 दशकों तक जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन में तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहा। इस दौरान विनिर्माण इकाईयों के बल पर जर्मनी ने अपने आप को विश्व में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर लिया था एवं विभिन्न उत्पादों, विशेष रूप से कार, मशीनरी एवं केमिकल उत्पादों का निर्यात पूरे विश्व को भारी मात्रा में किया जाने लगा था। पिछले 20 वर्षों के दौरान जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन के विकास का इंजिन बना हुआ था। चूंकि चीन की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से विकास कर रही थी अतः पिछले 20 वर्षों के दौरान चीन, जर्मनी से लगातार मशीनरी, कार एवं केमिकल पदार्थों का भारी मात्रा में आयात करता रहा है। परंतु, अब परिस्थितियां बदल रही हैं क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था भी हिचकोले खाने लगी है और चीन ने विभिन्न उत्पादों का जर्मनी से आयात कम कर दिया है।

अतः अब जर्मनी अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। आज बदली हुई परिस्थितियों में चीन, जर्मनी में निर्मित विभिन्न उत्पादों का आयात करने के स्थान पर वह जर्मनी का प्रतिस्पर्धी बन गया है और इन्हीं उत्पादों का निर्यात करने लगा है। दूसरे, पिछले लगभग दो वर्षों से रूस ने भी ऊर्जा की आपूर्ति यूरोप के देशों को रोक दी है, रूस द्वारा निर्यात की जाने वाली इस ऊर्जा का जर्मनी ही सबसे अधिक लाभ उठाता रहा है। तीसरे, जर्मनी में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और एक अनुमान के अनुसार जर्मनी में आगे आने वाले एक वर्ष से कार्यकारी जनसंख्या में प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की कमी आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

दरअसल, इससे उपभोक्ता खर्च पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। चौथे, जर्मनी में नागरिकों की उत्पादकता भी कम हो रही है। जर्मनी में प्रत्येक नागरिक वर्ष भर में केवल 1300 घंटे का कार्य करता है जबकि ओईसीडी देशों में यह औसत 1700 घंटे का है। पांचवे, यूरोपीयन यूनियन में वर्ष 2035 में पेट्रोल एवं डीजल पर चलने वाले चार पहिया वाहनों के उत्पादन पर रोक लगाई जा सकती है जबकि इन कारों का निर्माण ही जर्मनी में अधिक मात्रा में होता है तथा जर्मनी की कार निमार्ता कम्पनियों ने बिजली पर चलने वाले वाहनों के निर्माण पर अभी बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया है। साथ ही, जर्मनी ने नवाचार पर भी कम ध्यान दिया है एवं स्टार्ट अप विकसित करने में बहुत पीछे रहा है आज इन क्षेत्रों में अमेरिका एवं चीन बहुत आगे निकल गए हैं एवं जर्मनी आज अपने आप को असहाय सा महसूस कर रहा है। अतः जर्मनी अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव आगे आने वाले लम्बे समय तक चलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

वैश्वीकरण की प्रक्रिया का प्रभाव भी जर्मनी अर्थव्यवस्था पर पड़ा है एवं अब पूरे विश्व में गैरवैश्वीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। आज प्रत्येक विकसित एवं विकासशील देश अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलंबी बनना चाहता है। अतः जर्मनी जैसे देशों से मशीनरी एवं कारों का निर्यात कम हो रहा है साथ ही इन उत्पादों की तकनीकि भी लगातार बदल रही है जिसे जर्मनी की विनिर्माण इकाईयां उपलब्ध कराने में असफल सिद्ध हुई हैं। पिछले 5 वर्षों के दौरान जर्मनी अर्थव्यवस्था में विकास दर हासिल नहीं की जा सकी है।

जर्मनी में सितम्बर 2023 माह में वोक्सवेगन कम्पनी ने अपनी दो विनिर्माण इकाइयों को बंद करने का निर्णय लिया है। यह कम्पनी जर्मनी में 3 लाख से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध कराती है तथा अन्य लाखों नागरिकों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती हैं। इस कम्पनी ने जर्मनी में अपनी विनिर्माण इकाईयों में उत्पादन कार्य को काफी हद्द तक कम कर दिया है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से इस कम्पनी के उत्पादों की बिक्री लगातार कम हो रही है। पिछले 5 वर्षों के दौरान इस कम्पनी की बाजार कीमत आधे से भी कम रह गई है। इस कम्पनी की उत्पादन इकाइयों में चार पहिया वाहनों का निर्माण किया जाता रहा है परंतु अब इन उत्पादन इकाइयों में बिजली पर चलने वाली कारों के निर्माण में बहुत परेशानी आ रही है। बिजली पर चलने वाली कारों का जर्मनी में उत्पादन बढ़ाने के स्थान पर चीन से इन कारों का बहुत भारी मात्रा में आयात किया जा रहा है। अपनी आर्थिक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जर्मनी ने यूक्रेन को टैंकों की आपूर्ति भी रोक दी है। दरअसल कोरोना महामारी के बाद से ही, वर्ष 2020 के बाद से, जर्मनी की अर्थव्यवस्था अभी तक सही तरीके से पूरे तौर पर उबर ही नहीं सकी है।

एक अनुमान के अनुसार जर्मनी अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2024 में भी कम होने जा रहा है, यह वर्ष 2023 में भी कम हुआ था और इसके वर्ष 2025 में भी सुधरने की सम्भावना कम ही दिखाई दे रही है। जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2024 के दौरान 0.1 प्रतिशत की कमी की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। बेरोजगारी की दर भी 6.1 प्रतिशत के स्तर तक ऊपर जा सकती है। जर्मनी अर्थव्यवस्था केवल चक्रीय ही नहीं बल्कि संरचनात्मक क्षेत्र में भी समस्याओं का सामना कर रही है। इसमें सुधार की कोई सम्भावना आने वाले समय में नहीं दिख रही है। हालांकि यूरोपीयन यूनियन में जर्मनी की अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है परंतु फिर भी भारत, उक्त कारणों के चलते, जर्मनी की अर्थव्यवस्था को मार्च 2026 तक पीछे छोड़ देगा, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

इसी प्रकार, पिछले लगभग 30 वर्षों के दौरान जापान की अर्थव्यवस्था में मुद्रा स्फीति, ब्याज दरें एवं येन की कीमत स्थिर रही है। परंतु, हाल ही के समय में येन का अंतरराष्ट्रीय बाजार में अवमूल्यन हो रहा है एवं यह 160 येन प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर पर आ गया है, जो वर्ष 2009 के बाद से कभी नहीं रहा है। जापान की अर्थव्यवस्था कई उत्पादों के आयात पर निर्भर करती है। जापान अपनी ऊर्जा की आवश्यकताओं का 90 प्रतिशत एवं खाद्य सामग्री का 60 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है। जापान द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढ़ने से जापान में भी आयातित मुद्रा स्फीति की दर बढ़ रही है जो पिछले एक दशक के दौरान लगातार स्थिर रही है। वर्ष 1955 से वर्ष 1990 के बीच जापान की अर्थव्यवस्था औसत 6.8 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से आगे बढ़ती रही। वर्ष 1990 तक जापान का स्टॉक मार्केट लगातार बढ़ता रहा एवं अचानक वर्ष 1990 में यह बुलबुला फट पढ़ा और जापान में आवासीय मकानों की कीमत 50 प्रतिशत तक गिर गई एवं व्यावसायिक मकानों की कीमत 85 प्रतिशत तक गिर गई। जापान के पूंजी बाजार में निक्के स्टॉक सूचकांक भी 75 प्रतिशत तक गिर गया। जापान की अर्थव्यवस्था में तेजी के दौरान आस्तियों की बढ़ी हुई कीमत पर ऋण लिए गए थे परंतु जैसे ही इन आस्तियों की कीमत बाजार में कम हुई, नागरिकों को ऋणराशि की किश्तें चुकाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और इससे भी जापान में आर्थिक समस्याएं बढ़ी थी। दिवालिया होने वाले नागरिकों की संख्या बढ़ी और देश में अपस्फीति की समस्या प्रारम्भ हो गई थी। जापान की सरकार ने आर्थिक तंत्र में नई मुद्रा की मात्रा बढ़ाई और ब्याज दरों को लगभग शून्य कर दिया। इन समस्त उपायों से भी जापान में आर्थिक समस्याओं का हल नहीं निकल सका। वर्ष 2022 में जापान में भी विश्व के अन्य देशों की तरह मुद्रा स्फीति बढ़ने लगी थी परंतु जापान ने ब्याज दरों को नहीं बढ़ाया। अब कुल मिलाकर जापान अपनी आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है एवं वहां पर आगे आने वाले समय में आर्थिक विकास के पटरी पर आने की सम्भावना कम ही नजर आती है अतः भारत जापान की अर्थव्यवस्था को मार्च 2025 तक पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन सकता है।

**(लेखक, आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)**

# स्क्रीन टाइम पर कड़ा प्रहार करने की जरूरत

**पिछले दिनों एक खबर आई कि गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज ने ब्रिटेन स्थित आईपी-आधारित गेमिंग स्टूडियो फ्यूजबॉक्स गेम्स को 228 करोड़ रुपये में खरीदने का ऐलान किया है। इस बारे में कंपनी की तरफ से बयान आया, ह्यहम एक आईपी आधारित वैश्विक गेमिंग व्यवसाय बनाने में बड़ा अवसर देखते हैं, जिसे भारत में हमारे मुख्य आधार से लाभ मिलेगा ह्व माना जाता है, इस वक्त ऑनलाइन गेम्स का कारोबार करीब 2340 करोड़ रुपयों का है।**

**आर दुबे**

ऑनलाइन गेम्स अर्थात मारधाड़, तनाव आदि । जीत का अजीबोगरीब जुनून। न खाने-पीने की सुध और न ही समय का ध्यान। ऐसे गेम्स जिनमें बच्चे, किशोर और युवा डूबे रहते हैं। कभी-कभी तो अधेड़ उम्र के लोगों या बुजुर्गों का भी इन गेम्स में लगाव देखा जाता है। इन गेम्स के कारण हो रहे हादसों से कौन नहीं वाकिफ है। टारगेट इतना खौफनाक होता है कि रूह कांप जाये। कई देशों ने इसीलिए इन पर प्रतिबंध भी लगाया। इस चिंताजनक स्थिति के बीच अब कुछ सुखद चीजें भी सामने आ रही हैं। यानी ऑनलाइन गेम्स एक पक्ष एकदम स्याह ही नहीं, कुछ श्वेत भी है और यह श्वेत पक्ष इस कदर धीरे-धीरे धवल हो रहा है कि नयी पीढ़ी को मानो पुरानी कविता की उन खूबसूरत पंक्तियों की मानिंद संदेश दे रहा हो, ह्यनर हो न निराश करो मन को, कुछ काम करो, कुछ काम करो।

असल में तनाव पैदा करने वाले ऑनलाइन गेम्स के बीच ही अनेक ऐसे खेल भी अब आ रहे हैं जो बहुत कूल हैं। कोई फिक्स टारगेट नहीं। बैकग्राउंड में शांत सा म्यूजिक चल रहा है, आप एक वस्तु को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। साथ में हैं पहाड़, पेड़, नदियां। उसी तरह जैसे गूगल मैप पर आप डेस्टीनेशन लगाते हैं, गलत मुड़ गए तो वह आपको परेशान नहीं करता, री-रूटिंग कर देता है। एक मोड़ गलत मुड़ गए हो तो आगे से रास्ता मिल जाएगा। हालांकि कूल गेम्स भी बाजार का ही नया रूप है, इसमें भी उलझने का उतना ही खतरा बरकरार है, लेकिन कम भयावह। ऐसे ज्यादातर गेम्स में टारगेट नहीं हैं। हिंसा नहीं है। अलग-अलग तरह के इन गेम्स में किसी में समूह में खेलने का नियम है और किसी में एकल तौर पर।

अब कई गेम्स तनाव कम करने के लिए बनाये जाने लगे हैं। घरों में बच्चे कभी-कभी अपने बड़ों तक को सलाह दे डालते हैं कि इस गेम को डाउनलोड कर लीजिए, कुछ देर खेलिए आनंद आएगा। ऐसे ही गेम का ही एक प्रारूप है जिसमें अगर आपने गूगल खोला, अगर इंटरनेट नहीं चल रहा हो तो वह आपको कूल रहने की सीख देता है। एक आइकन सामने आ जाएगा। आप उसको आगे बढ़ाते रहिए। छोटे-छोटे टारगेट आएंगे। नेटवर्क आते ही वह गेम खत्म हो जाएगा। हालांकि अच्छी प्रैक्टिस नहीं है तो यह गेम भी झुंझलाहट पैदा कर सकता है। बात करें विभिन्न गेम्स की तो उनमें से कुछ हिंसक हैं, मसलन-मॉर्टल कॉम्बेट, कॉल ऑफ ड्यूटी, पबजी, फ्री फायर आदि। इसी तरह कुछ कूल गेम्स हैं जैसे, पियानो किड्स,ट्रक गेम्स फॉर किड्स, यूनिकॉर्न शेफ, ड्रेसअप, कलरिंग एंड लर्न, लिटिल पांडा, चिल्ड्रेन्स डॉक्टर, द घोस्ट पेपर चेंज, ऑल्टो एडवेंचर, कास्टिंग अवे सिनामोन चैलेंज, आइस एंड सॉल्ट चैलेंज या कुछ हद तक ब्रेन डॉट्स, कैंडी क्रश।

पिछले दिनों एक खबर आई कि गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज ने ब्रिटेन स्थित आईपी-आधारित गेमिंग स्टूडियो फ्यूजबॉक्स गेम्स को 228 करोड़ रुपये में खरीदने का ऐलान किया है। इस बारे में कंपनी की तरफ से बयान आया, ह्यहम एक आईपी आधारित वैश्विक गेमिंग व्यवसाय बनाने में बड़ा अवसर देखते हैं, जिसे भारत में हमारे मुख्य आधार से लाभ मिलेगा ह्व माना जाता है, इस वक्त ऑनलाइन गेम्स का कारोबार करीब 2340 करोड़ रुपयों का है। दिन-प्रतिदिन नए-नए गेम्स आ रहे हैं। कंपनियों की ओर से रिसर्च करवाई जाती हैं और जैसा ट्रेंड या पसंद उनके सामने आती है उसी तरह का सॉफ्टवेयर डेवलप कर नये गेम्स बनाए जाते हैं।

यूं तो हर वर्ग के लोगों को अपने स्क्रीन टाइम, यानी कितनी देर मोबाइल, टीवी, लैपटॉप, डेस्कटॉप पर लगे हैं, पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन बच्चों के मामले में ज्यादा सतर्कता चाहिये। बेशक कोविड के बाद बच्चों के स्क्रीन टाइम में इजाफा हुआ है। यह जरूरत भी बन गया है, लेकिन फिर भी इसे लिमिटेड करना बहुत जरूरी है। विशेषज्ञों के मुताबिक, स्क्रीन टाइम बच्चों को सीखने, रचनात्मकता विकसित करने और सामाजिक संपर्क बढ़ाने में मदद करता है, लेकिन बहुत अधिक स्क्रीन टाइम नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। एक शोध के मुताबिक, दो से पांच साल के बच्चों के लिए एक घंटे से ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं होना चाहिए, पांच से 17 वर्ष तक स्कूल के काम के अलावा दो घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम नहीं हो। लेकिन ज्यादातर मामलों में इस समयसीमा की अवहेलना ही होती है। जानकार कहते हैं, अधिक स्क्रीन टाइम वाले बच्चों में बिना सोचे-समझे खाने और अधिक खाने की आशंका होती है। जब बच्चे स्क्रीन पर होते हैं, तो वे अपने मस्तिष्क से पेट भर जाने के संकेतों को ग्रहण करने से चूक सकते हैं,कई बच्चे जंक फूड खाना पसंद करते हैं। ऐसे में कई विकार पनपने की आशंका रहती है। अमेरिका, आयरलैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस के बाद हाल ही में स्वीडन ने भी स्क्रीन टाइम के लिए सख्त परामर्श जारी किया है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# पितरों के साथ मां लक्ष्मी का भी मिलेगा आशीर्वाद

**धर्म-अध्यात्म**

पितृपक्ष के दिनों की शुरूआत हो चुकी है। पितरों का आशीर्वाद पाने के लिए पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। दरअसल, इन सभी 15 दिनों के लिए पितर धरती लोक पर वास करते हैं। ऐसे में आप उनके नाम से श्राद्ध तर्पण आदि करके उन्हें प्रसन्न कर सकते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं पितृपक्ष में तुलसी से जुड़े कुछ आसान और सरल उपाय करने से आपके पितर आपसे प्रसन्न होंगे। साथ ही आप पर मां लक्ष्मी की कृपा भी होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने के साथ ही आपको ऋण से भी मुक्ति मिलेगी। आइए जानते हैं पितृपक्ष में तुलसी के चमत्कारी उपाय।

सबसे पहले आपको बता दें कि पितृ पक्ष का आरंभ 17 सितंबर से हो चुका है और 2 अक्टूबर को पितृपक्ष समाप्त होगा। तुलसी के पौधे को सबसे पवित्र पौधा माना गया है। श्राद्ध पक्ष के दिनों में पितरों की कृपा पाने के लिए आप उनके लिए जो भी भोजन बनाए उसमें तुलसी दल जरूर डालें। यह छोटा सा उपाय आपके लिए बेहद लाभकारी साबित होगा। ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि, तुलसी को मिलने से भोजन में पवित्रता आती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जिस दिन पितरों को श्राद्ध करें उस दिन तुलसी के पेड़ की जड़ निकालकर एक कटोरे में रख लें। इसके बाद अपने दाएं हाथ के अंगूठे से उस जड़ पर सात पर अपने पूर्वजों को याद करते हुए जल अर्पित करें। इसके बाद उस जल को अपने घर के सभी हिस्सों में छिड़क दें। जो पानी बच जाए उसे तुलसी के पौधे में डाल दें।

**तुलसी माला धारण करें :** पितृपक्ष में किसी भी दिन आप चाहें तो तुलसी की माला भी धारण कर सकते हैं। लेकिन, ऐसे करने के साथ ही आपको तुलसी की माला से जुड़े नियमों का पालन करना होगा। साथ ही तुलसी के पौधे की अच्छी से देखभाल करें और तुलसी का पूजन पूरे विधि विधान के साथ करें। ऐसे करने से आपके पितर आपसे प्रसन्न होंगे और मां लक्ष्मी का वास भी आपके घर में होगा।

पितृ पक्ष में किसी भी शुक्रवार के दिन तुलसी के पौधे को चंदन अर्पित करना चाहिए। ऐसे करने से आपको मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होगा। चंदन से तुलसी के गमले पर स्वास्तिक भी बनाएं और इसके बाद घी का दीपक जरूर जलाएं।

## संस्कार

### फैसले की टाइमिंग

दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के अरविंद केजरीवाल के फैसले ने एक स्तर पर लोगों को चौंकाया जरूर, लेकिन इसने प्रांतीय और राष्ट्रीय राजनीति के कई तात्कालिक और कुछ दूरगामी पहलुओं की ओर भी ध्यान खींचा है। केजरीवाल के जेल में रहते हुए उन पर इस्तीफे का दबाव बनाने में विरोधियों ने कोई कसर उठा नहीं रखी। उस पूरी अवधि में सभी दबावों की अनदेखी करते हुए वह अड़े रहे। अब जब केंद्रीय एजेंसी सीबीआई पर सख्त टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी और पूरी पार्टी इसे केजरीवाल की जीत बता रही है, तब उन्होंने इस्तीफे का एलान कर दिया। इसी बिंदु पर चुनावी राजनीति की रणनीतिक बारीकियां अपनी ओर ध्यान खींचती हैं। दिलचस्प है कि इस मामले में चाहे बीजेपी हो या आप दोनों में हमलावर तेवर बनाए रखने की जैसे होड़ लगी हुई है। दोनों ही दल इस बात को लेकर काफी सतर्क नजर आते हैं कि वे बचाव की मुद्रा में न दिखने लग जाएं। आप नेता चाहें या न चाहें केजरीवाल की छवि दिल्ली में बड़ा चुनावी मुद्दा बनने ही वाली है। ऐसे में इस्तीफे के जरिए इस सवाल को केंद्र में लाकर आप ने यह साबित करने का प्रयास किया है कि वह इस सवाल से किसी भी रूप में कतरा नहीं रही।

एस ठाकुर, रातू

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### प्लस टू उच्च विद्यालय,कोदरजन्ना प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने शाहजहां काजू

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के संकुल मध्य विद्यालय बड़ी कोदरजन्ना के अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय कोदरजन्ना में बुधवार को प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया।प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक प्रखंड संसाधन केंद्र साहिबगंज द्वारा प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक बीआरपी माखनलाल यादव की देखरेख व पूर्व उप प्रमुख ब्रह्मदेव यादव की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया।जिसमें मोहम्मद शाहजहां काजू को अध्यक्ष चयन किया गया।वहीं किरण देवी को उपाध्यक्ष में चयन किया गया। पदेन सचिव के रूप में विद्यालय के प्राचार्य वंदना देवी को सचिव चयन किया गया।अभिभावक में से बारह सदस्य व प्रधानाध्यापक पदेन सचिव सहित कुल चार सदस्यों का भी चयन किया गया।मौके पर मुख्य रूप से शत्रुघन यादव कामरान अहमद,सकली देवी,कैयूम अकरम आलीम,कलाम,सफर,इब्बो विद्यालय के सभी शिक्षक सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### पुलिस के मारपीट को लेकर राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन

**साहिबगंज/बरहरवा :** रांगा थाना क्षेत्र के बिंदुधाम मंदिर के मुख्य पुजारी गंगा बाबा और बरहरवा आरएसएस के नगर कार्यवाहक अनुराग आनंद के कथित जेवरात की हेरा फेरी का मामले में रांगा थाना पुलिस द्वारा आरएसएस के नगर कार्यवाहक अनुराग आनंद के साथ क्रूरता पूर्वक मारपीट किये जाने मामले कों लेकर भाजपा के बरहरवा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता उर्फ बिक्की के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने राजयसभा सांसद दीपक प्रकाश से साहिबगंज में मिलकर एक ज्ञापन सौंपा हैं।जिसमे उन्होंने इस अमानवीय व्यवहार करने वाले दोषी रांगा थाना प्रभारी अखिलेश यादव सहित इसमें शामिल अन्य दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाई करने की मांग किया हैं.जिसमे राजयसभा सांसद दीपक प्रकाश ने इस मामले में डीआईजी से बात करने का आश्वाशन दिया हैं।मौके पर कमल कृष्ण भगत,पांचू सिंह कुसमाकार तिवारी,अमित भारती,कुणाल किशोर मंडल, चौकीदार हांसदा सहित दर्जनों भाजपा नेता उपस्थित थे।

### जिला परिषद उपाध्यक्ष के मध्यस्थता में कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

**जामाः** प्रखंड के लगला पंचायत स्थित बैसा गांव के पास केंद्र सरकार के सहयोग से चल रही सिदार प्राइवेट लिमिटेड में बुधवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के सदस्य, पूर्व भाजपा सांसद सुनील सोरेन,जिला परिषद् उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल, मुखिया संघ के अध्यक्ष राजू पुजहर के साथ महिलाओं की पांच सदस्यीय टीम की वार्ता हुई। इस दौरान कंपनी के साथ निर्णय लिया गया कि काम आने पर सभी पांच सौ महिलाओं को काम में रखा जायेगा एवं काम आने तक कंपनी बंद रहेगा और पुनः काम आने पर सभी महिलाओं को काम पर रखा जायेगा। इसके पूर्व बुधवार को भी महिलाओं ने सिदार कंपनी के गेट पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार सोमवार को भी काम से हटाने के विरोध में दर्जनों महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया था।

### जामा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**जामा :** जामा थाना पुलिस ने प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में बुधवार को दुमका देवघर मार्ग पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए यह जांच अभियान चलाया गया। जिसमें दो पहिया वाहन चालकों को समझाते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि हेलमेट पहनकर ही बाइक लेकर सड़क पर निकलें। घटना कब और किसके साथ घट जायेगी यह कोई नहीं जानता। इसलिये अपनी सुरक्षा को लेकर ही वाहन चलायें। उन्होंने लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर राहगीरों का ध्यान आकृष्ट किया और बताया कि कैसे अचानक लोग काल के गाल में समा रहे हैं। अगर दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाते हैं और दुर्घटना हो भी जाती है तो उनके जान को बचाया जा सकता है। उन्होंने वाहन चालकों से धैर्य रखकर सुरक्षित ड्राइव के तहत गाड़ी चलाने की सलाह दी। साथ ही वैसे लोग जो शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं उनको कड़ी हिदायत देते हुए बताया कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले से पकड़े जाने पर भारी भरकम जुमार्ना वसूल किया जायेगा।

### भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन

**दुमका।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का जन्मदिन मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा के सदस्यों ने मनाया. इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के स्वस्थ जीवन एवं दीघार्यु की कामना उपस्थित नेत्रियों ने किया. इस अवसर पर सदर अस्पताल दुमका में भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा फल एवं मिठाई का वितरण किया गया. साथ ही कार्यक्रम के दौरान पेड़ लगाया गया.कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ममता साह, दुमका नगर परिषद् की पूर्व अध्यक्षा डॉ. अमिता रक्षित, दुमका प्रभारी अनीता सोरेन, नीतू झा, प्रिया सिंह, मधु देवी, चाइना मंडल मंजू दास उषा दास आदि भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### वर्णवास चुने गए झामुमो के पंचायत सचिव

**जामा।** प्रखंड के लकड़जोरिया मोड़ पर बुधवार को झामुमो की एक बैठक पंचायत अध्यक्ष संतोष हांसदा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत सचिव के लिये वर्णवास मुर्मू को चुना गया। यहां बता दें कि प्रखंड में पांच पंचायत में पार्टी के अध्यक्ष व दो पंचायत में सचिव का पद रिक्त है। जिसको लेकर प्रखंड कमिटी द्वारा पंचायत व सचिव के रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही प्रारंभ की गयी है। वहीं गुरुवार को नाचनगड़िया पंचायत के चिहरबनी मैदान में अध्यक्ष का चयन किया जाना है। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन, सचिव सत्तार खान, रामकृष्ण हेम्बरम, कमिशन सोरेन, चन्द्रकान्त मंडल, हेमलाल हांसदा, बोदिलाल मरांडी, कलाम अंसारी, अनवर शेख, निरंजन मंडल, संतोष हांसदा, अर्जुन मुर्मू, बाबुजन मरांडी आदि मौजूद थे।

### दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**जामा।** प्रखंड अंतर्गत भुटोकोड़िया पंचायत के युग सेंगेल युवा क्लब भुटोकोड़िया की ओर से आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मंगलवार को जीजी मनोज भाई टीम बनाम एफ सी कूटकू चोक टीम के बीच खेला गया। निर्धारित समय पर दोनों टीम द्वारा कोई गोल नही होने पर पेनल्टी शूटआउट में एफसी कूटकू चौक ने जीजी मनोज भाई टीम को एक शुन्य से पराजय कर विजेता बना। इससे पूर्व खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया सह झामुमो युवा मोर्चा जिला सचिव कमीशन सोरेन एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकृष्ण हेम्बरम, नचनगड़िया मुखिया बसंती मुर्मू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। हेम्ब्रम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल को खेल भावना से खेलें और बेहतर प्रदर्शन करें, खेल के साथ-साथ अपनी पढ़ाई को भी पूरी करें ताकि आगे राज्य स्तर पर खेल में जगह बनाने का काम करें, झारखंड सरकार खेल के माध्यम से भी खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने का काम कर रही है। टुनामेंट में कुल 16 टीम ने भाग लिया था। विजेता टीम को 20 हजार व उपविजेता टीम को 15 हजार व तीसरे चौथे स्थान पाने वाले को पांच पांच हजार नगद राशि देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया। मौके पर ग्राम प्रधान देवेंद्र सोरेन, मसोधन मरांडी, मोहम्मद नसीम, बाबुधन मरांडी, बाबूटा मुर्मू, कालीचरण सोरेन आदि उपस्थित थे।

# बिंदूधाम मंदिर में चोरी मामले को लेकर पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ बरहरवा रहा बंद

### कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन होगा उग्र : प्रदर्शनकारी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा/पतना :** बीते दिनों रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुप्रसिद्ध बिंदूधाम मंदिर में चोरी का मामला प्रकाश में आया था ,जिस मामले को लेकर रांगा थाना पुलिस द्वारा पुरोहित गंगा बाबा व आरएसएस के नगर कार्यवाहक अनुराग आनंद को गिरफ्तार कर पूछताछ की प्रक्रिया चल रही थी,जिस दौरान अनुराग आनंद की तबियत अन्यंन्त खराब हुई,परिजनों के अनुसार पुलिस द्वारा अनुराग आनंद के साथ अमानवीय और मरनाशय हालत तक मारपीट की गई।पुलिसिया कार्यवाही के खिलाफ स्थानीय नगरवासियों ,आरएसएस के कार्यकताओं एवं भाजपाइयों ने बरहरवा बाजार बंद का आह्वान करते हुए सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। मंदिर में बीते दिनों चोरी मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।प्रदर्शनकारियों के अनुसार पुलिस द्वारा बिना मामले की छानबीन और लिखित शिकायत के अनुराग आनंद की बेरहमी से पिटाई एवं मंदिर के सेवक गंगानंद गिरी को पूछताछ के नाम पर प्रताड़ित करने के विरोध में स्थानीय लोगों ने बुधवार को सड़क जाम कर बरहरवा बाजार पूरी तरह से बंद करवा दिया। बरहरवा बाजार की लगभग सभी



दुकानें सुबह से लेकर दोपहर 1 बजे तक बंद रहीं। वहीं शहर के रेलवे फाटक, स्टेशन चौक, मस्जिद चौक, लोहा पुल, रतनपुर, कुशवाहा टोला व पतना चौक में प्रदर्शनकारियों ने बांस बल्ला लगाकर सड़क मार्ग को अवरुद्ध किया, जिस कारण सुबह से ही आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। बरहरवा बंद के समर्थन में सैकड़ों बरहरवा वासियों ने स्टेशन चौक व पतना चौक में इकठ्ठा होकर धरना प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया।

**क्या है मामला?**

ज्ञात हो कि बिंदुधाम मंदिर के सेवक गंगानंद गिरी बाबा और बरहरवा आरएसएस के नगर कार्यवाहक अनुराग आनंद पर मंदिर के सोने के अनुभषण चोरी के लगे आरोप मामले में बिना किसी लिखित शिकायत व जाँच के रांगा थाना पुलिस ने अनुराग की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। जिससे अनुराग की तबियत ज्यादा बिगड़ गयी तो आनन-फानन में पुलिस रांगा अस्पताल लेकर गयी जहां से उसे सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया गया। मरीज की गंभीर हालत देख सदर अस्पताल ने भी उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद से मालदा के एक निजी अस्पताल में अनुराग का इलाज चल रहा है।

**राजनितिक दवाब में पुलिस ने की पिटाई?**

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि रांगा थाना की पुलिस ने राजनीतिक दबाव के कारण ऐसा बर्बरता पूर्व कार्य किया है। केवल दूरभाष में मिली सुचना से पुलिस किसी को भी उठाकर ऐसे बेरहमी से कैसे पिटाई कर सकती है? पुलिस मंदिर के मुख्य सेवक गंगानंद बाबा को जबरन मंदिर से उठाकर थाना लाती है और पूछताछ के नाम पर दिनभर बिठाकर शाम को छोड़ देती है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस अनुराग आनंद को 14 सितंबर की रात को हिरासत में लेकर थाने ले जाती है और उसकी पिटाई करती है। जब अनुराग की तबियत बिगड़ी तो मामले की लीपापोती करने 15 सितंबर को मंदिर कमिटी ने आवेदन प्रेषित किया।

**क्या चोरी हुआ इसका खुलासा नहीं कर पाई पुलिस?**

मंदिर में चोरी मामले को लेकर पुलिस ने अनुराग आनंद की बेरहमी से पिटाई कर दी लेकिन पुलिस अब तक यह साबित नहीं कर पायी कि मंदिर से कौन-कौन से आभूषणों की चोरी हुई है। प्रदर्शनकारियों ने सवाल उठाया है कि अगर पुलिस को लगता है।कि चोरी हुई है, तो क्या-क्या सामानों की चोरी हुई, अब तक पुलिस ने क्यों नहीं उजागर किया।वहीं इस मामले को लेकर धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पांचू सिंह ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि विंध्यवासिनी मंदिर में पुलिस प्रशासन में कैंप बनाया है। मंदिर कमिटी का कहना है कि कैंप के चौकीदार कि सूचना के आधार पर पता चला कि मंदिर के गंगा महाराज मंदिर का धातु सप्लाई कर रहा है। यदि धातु सप्लाई करते हुए चौकीदार ने देखा और मंदिर कमेटी के लोगों को सूचना किया तो उसने स्वयं अनुराग आनंद को उसी समय क्यों नहीं पकड़ा? चौकीदार ने इसकी सुचना पहले पुलिस को क्यों नहीं दी? पांचू सिंह ने आगे कहा कि इस षडयंत्र में मंदिर कमेटी के साथ-साथ चौकीदार भी शामिल है। चौकीदार का बेटा ही मंदिर का सेक्रेटरी बना हुआ है।हालाकिं पूरे मामले को लेकर अनुराग आनंद के परिजन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि जबतक मामले पर दोषियो पर कड़ी कार्यवाही नहीं होगी तब तक आंदोलन का स्तर बढेगा या फिर हाइकोर्ट में रिट फाइल की जाएगी साथ ही आगामी 20 सितम्बर को साहेबगंज में गृहमंत्री के आवगमन के दौरान पूरे मामले को रखते हुए दोषियो पर कार्यवाही की भी मांग की जाएगी।

## कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर बनी रणनीति



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का आगमन आगामी 21 सितंबर को साहिबगंज में होने जा रहा है।वो यहाँ संवाद आपके साथ कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकताओं से संगठन की वास्तविक स्थिति से रूबरू होंगे।इस कार्यक्रम के अलोक में जिला कांग्रेस कमिटी साहिबगंज के अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय साहिबगंज में एक बैठक आयोजित की गई।बैठक में सर्वसम्मति से उत्सव बैंक्वेट हॉल में 11 बजे पूर्वाहन को कार्यक्रम किया जाना तय हुआ। कार्यक्रम में पंचायत से लेकर जिला के सभी कार्यकताओं की भागेदारी सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाई गई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद केशव महतो कमलेश हर जिला में ह्लसंवाद आपके साथह्व कार्यक्रम के माध्यम से अपने कार्यकताओं से मिल रहे हैं.वो कार्यकताओं से मिलकर संगठन की वास्तविक स्थिति और कार्यकताओं की समस्याओं को समझना चाहते हैं।साहिबगंज की धरती पर उनका पुरजोर स्वागत करते हैं।मुझे पूरी उम्मीद है उनके नेतृत्व में साहेबगंज के साथ साथ पुरे राज्य का कांग्रेस संगठन पहले से कहीं ज्यादा बेहतर तरीके से जमीनी स्तर पर काम करेगा।बैठक में अनुकूल मिश्रा,सिद्धेश्वर मंडल, मोहम्मद कलीमुद्दीन, अशोक कुमार पासवान जनार्दन तिवारी, नित्यानंद गुप्ता,सरफराज आलम आदित्य यादव,मो सलाउद्दीन, मो रिजवान, मो रियाज, इखलाक नदीम,संतोष स्वर्णकार, मो सद्दाम अली कुरैशी, परवेज आलम, तैमूर अंसारी, कुमार निशांत तविश इकबाल,वसीम औरंगजेब, संटू यादव,जयदेव रजवार,सतीश कुमार पासवान एवं अन्य दर्जनों कांग्रेसजन शामिल थे।

## कालाजार प्रभावित गांव में आईआरएस का हुआ छिड़काव

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों के अंतर्गत कालाजार प्रभावित गाँव बोरियों संथाली में आईआर एस द्वितीय चक्र कीटनाशी छिड़काव का उद्घाटन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया सिविल सर्जन साहिबगंज एवं डॉ सालखु चन्द्र हांसदा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बोरियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीताकाट कर व रैली निकाल कर किया।जिसमे पुरे गाँव मे ग्रामीणों को रैली के माध्यम से छिड़काव से सम्बंधित जागरूक करते हुए लोगों को घर के सभी कमरों, गौशाला, बरामदा आदि जगहों मे छिड़काव करवाने का संदेश दिए। साथ ही छिड़काव कार्य का निरक्षण किए उपस्थित सभी एमपीडब्लु वं छिड़काव कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी घरों मे गुणवत्तापूर्ण छिड़काव कराने को कहा गया! मौके पर डॉ सत्ती



बाबू डाबडा जिला भीबीडी सलाहकार, डॉ विनोद कुमार चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ रजनीश कुमार पीभीटीजी एमओ , बिष्णु कुमार भगत बीपीएम, मनोहर पंडित एमटीएस, दीपक कुमार पिरामल स्वास्थ्य, विकास कुमार पंडित बीटीटी , सुमन कुमार डब्लूएचओ मॉनिटर, सभी एमपीडब्लु , सहिया साथी एवं सहिया आदि स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## सिविल सर्जन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंजः** सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट का औचक निरक्षण किया ।जिसमे ओपीडी , आईपीडी प्रसव कक्ष,उपस्थिति पंजी एवं अस्पताल मे साफ -सफाई आदि को देखे। निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन महोदय के



द्वारा सभी पारामेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया। साथ ही सिविल सर्जन महोदय के द्वारा आगामी 20 सितम्बर से सुरु होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की जानकारी लिए! मौके पर जिला भीबोडी सलाहकार डॉ सत्तीबाबू डाबडा,सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं बीपीएम आदि सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### सभी ने मिलकर मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की



**साहिबगंज :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74 वा जन्म दिवस महिला मोर्चा साहिबगंज जिला अध्यक्ष गरिमा शाह के नेतृत्व में स्नेह स्पर्श वृद्ध आश्रम में सभी परिजनों के साथ दीप जला कर एवम सभी का सभी का मुंह मीठा करा कर मनाया गया।सभी ने मिलकर मोदी जी के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की।कार्यक्रम मुख्य रूप से ज्योति शर्मा,मंजू पटवा,रूपम अर्चना के साथ वृद्ध आश्रम के सभी परिजन मौजूद रहे।

# बिगड़ती स्वास्थ्य सुविधाओं के खिलाफ लोगों ने दिया धरना

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंजः** जिले की सदर अस्पताल की बिगड़ती स्वास्थ्य सुविधाओं के खिलाफ जिला स्वास्थ्य सुधारक अभियान के बैनर तले प्रशांत शेखर के नेतृत्व में सदर अस्पताल के समीप एक दिवसीय धरना दिया।मौके पर प्रशांत शेखर ने कहा कि लोग अस्पताल की मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं से नाखुश हैं।उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले 6 वर्ष की मासूम बच्ची की मौत हो जाती है। तीन डॉक्टर रहते हुए भी उसका इलाज सही समय पर नहीं हो पाया उसके बाद जब जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की गई तो इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं झांसा के द्वारा ओपीडी का बहिष्कार किया गया है।जो बिल्कुल अनुचित है। आम जनता को इससे बहुत ज्यादा परेशानी होगी।उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के समय जो डॉक्टर ड्यूटी पर है उन्हें पोस्टमार्टम करने के लिए क्यों भेजा जाता है।महिला ओपीडी बंद रहता है।ज्यादातर मेडिसिन गरीब पेशेंट को बाहर से खरीदना पड़ता है।वही समाजसेवी मुरलीधर तिवारी ने कहा कि ओपीडी के




समय अगर कोई डॉक्टर छुट्टी में है तो अस्पताल प्रबंधक का दायित्व बनता है कि उसके बदले किसी और डॉक्टर की ड्यूटी दी जाए।उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को घनटो इंतजार करना पड़ता है।महिला डॉक्टर को जब ऑन कॉल ड्यूटी का सुविधा दिया गया है उसके बाद भी सही समय पर नहीं आती है। श्री तिवारी ने कहा कि मरीजों के लिए108 एम्बुलेंस की सुविधा दी गई है वह समय पर उपलब्ध नहीं होती और जितनी भी गाड़ियां है 108 की उसका मेंटेनेंस नहीं है।उन्होंने कहा कि डॉक्टर बेशक अपना प्राइवेट क्लीनिक चलाएं परंतु जो उन्हे ड्यूटी के समय अस्पताल में पूरा समय देने की आवश्यकता है।वही धरना में बैठे कुछ मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।जिससे उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।समय पर डॉक्टरों की उपलब्धता नहीं होने से गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को दूर-दराज के बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है,जिससे आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।उन लोगो का कहना है कि अस्पताल में न केवल मेडिकल स्टाफ की कमी है,बल्कि दवाओं और आवश्यक उपकरणों की भी भारी कमी है। इसके अलावा अस्पताल की सफाई व्यवस्था बेहद खराब है।जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है।मौके पर प्रशांत शेखर,मुरलीधर तिवारी,प्रमोद झा,ज्योति शर्मा, अमित कुमार गुप्ता,संतोष मोदी, लक्ष्मी कुमार,सौरभ जयसवाल, सियाराम यादव,आलोक कुमार, आनंद कुमार, विशाल ठाकुर, रोशन पासवान, विकास कुमार, अंशु पासवान,मोहम्मद इरशाद आलम, शिव कुमार पंडित,पंकज कुमार,सुजीत कुमार,अभिषेक कुमार एवं कुछ मरीज के परिवार और आम लोग मौजूद थे।



# विवादों में फंसी 'इमरजेंसी' को लेकर चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट का नोटिस

विवादों में फंसी बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। उनकी फिल्म के खिलाफ रवींद्र सिंह बस्सी ने अर्जी दाखिल कर दावा किया है कि कंगना ने अपनी फिल्म में सिख धर्म की छवि खराब करने की कोशिश की है। कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' 6 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिला लेकिन रिलीज से चार दिन पहले इसे रद्द कर दिया गया। कंगना रनौत ने बयान दिया था कि इस फिल्म के लिए मैंने अपनी निजी संपत्ति दांव पर लगा दी है। इसे सिनेमाघरों में दिखाया जाना था लेकिन अब यह नहीं दिखाया जा रहा है। इस महीने की शुरुआत में ऐसी खबरें आई थीं कि कंगना ने मुंबई के बांद्रा स्थित पाली हिल स्थित एक बंगला 32 करोड़ रुपये में बेचा है। फिल्म को लेकर कंगना रनौत को पहले भी सिख समुदाय से धमकियां मिली थीं। इसी तरह अब वकीलों ने अर्जी में कहा है कि कंगना रनौत ने 'इमरजेंसी' में सिख धर्म की गलत छवि पेश की है और समुदाय पर झूठे आरोप भी लगाए हैं। इसलिए उन्होंने इस एक्ट्रेस के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। अब इस मामले में 5 दिसंबर को कोर्ट में सुनवाई होगी। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत फिल्म 'इमरजेंसी' में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। फिल्म में उनके साथ अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर, महिमा चौधरी और मिलिंद सोमन भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'इमरजेंसी' में सतीश कौशिक अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह उनकी आखिरी फिल्म होगी, जो उनकी मृत्यु के एक साल बाद प्रकाशित हो रहा है।

# करीना को मिली 2025 की अभी तक की सबसे महंगी फिल्म

करीना कपूर बॉलीवुड की खूबसूरत हसीना हैं, जिन्होंने ढेर सारी हिट फिल्में दी हैं। करीना को बॉलीवुड में 25 साल पूरे हो गए हैं और इन दिनों वह अपनी फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' की रिलीज के बाद लोगों के मिल रहे अच्छे रिव्यू को एन्जॉय कर रही हैं। करीना कपूर ने इस फिल्म में एक डिटेक्टिव का रोल निभाया है। वहीं, अब करीना कपूर के हाथ एक नया प्रोजेक्ट लग गया है। करीना कपूर को भारत की सबसे बड़ी पैन इंडिया फिल्म ऑफर हुई है, जिसे करीना कपूर ने बिना देर किए हां कर दी है। आइए आपको फिल्म से जुड़ी सामने आई सारी डीटेल बताते हैं।

### करीना कपूर के हाथ लगी सबसे बड़ी पैन इंडिया फिल्म

पिंकविला की एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें दावा किया गया है कि करीना कपूर ने भारत की सबसे बड़ी पैन इंडिया फिल्म साइन की है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये फिल्म भारत की सबसे बड़ी फीचर फिल्म होगी, जिसका थ्रिलर लोगों को काफी पसंद आएगा। इस फिल्म में करीना कपूर एक ऐसे किरदार में नजर आएंगी, जो उन्होंने अपने 25 साल के करियर में नहीं निभाया है। करीना इस फिल्म में अपने डायरेक्टर पर आंख बंद करके भरोसा करने वाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक फिल्म के नाम का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन करीना कपूर ने फिल्म के लिए तुरंत हां कर दी।

### कब शुरू होगी शूटिंग

दावा है कि करीना कपूर अपनी इस नई फिल्म को लेकर काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। पैन इंडिया फिल्म होने के चलते इसमें कई बड़े स्टार्स नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, करीना के साथ इस फिल्म में कोई साउथ एक्टर हो सकता है, जिसके जरिए ही बॉलीवुड और साउथ के दर्शकों का एक साथ ध्यान खींचा जाएगा। फिल्म को लेकर अब तक ज्यादा अपडेट नहीं आया है, लेकिन दावा है कि इस फिल्म की शूटिंग 2025 में शूरू हो जाएगी और साल 2026 में ये फिल्म सिनेमाघरों में धमाका कर देगी।



करीना कपूर ने इस फिल्म में एक डिटेक्टिव का रोल निभाया है



# राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री-2' ने रचा नया इतिहास, किंग खान की फिल्म 'जवान' को पछाड़ा

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री-2' सभी को खूब पसंद आई है। मशहूर फिल्म 'स्त्री-2' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करके नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हम आपको बताते हैं कि राजकुमार-श्रद्धा की 'स्त्री 2' ने क्या रिकॉर्ड बनाया है।

### स्त्री-2 का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

राजकुमार राव-श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' 15 अगस्त को रिलीज हुई थी। लगातार छुट्टियों और माउथ पब्लिसिटी के दम पर 'स्त्री-2' ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। ताजा खबरों के मुताबिक 'स्त्री-2' ने सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म का नया रिकॉर्ड बना लिया है। इससे पहले शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' इस लिस्ट में टॉप पर थी। लेकिन अब 'स्त्री-2' जवान को पछाड़कर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है।

### 'स्त्री-2' की कमाई

मैडॉक फिल्म्स की 'स्त्री-2' को रिलीज हुए एक महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है। फिर भी लोग इस फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में जा रहे हैं। 'स्त्री-2' ने भारत में 586 करोड़ की कमाई की है। 'स्त्री-2' ने शाहरुख की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'जवान' को पछाड़ दिया है। इसलिए बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 कमाई करने वाली फिल्मों में 'स्त्री-2' टॉप पोजीशन पर पहुंच गई है।

# ईसीएल : बैंगलोर बैशर्स की धमाकेदार जीत हरियाणवी हंटर्स का अजेय क्रम बरकरार

**नई दिल्ली :** इंटरटेनमेंट क्रिकेट लीग (ईसीएल) टी-10 टूर्नामेंट के छठे दिन बुधवार को कुछ टीमों के लिए लीग चरण का रोमांचक समापन हुआ,जहां बैंगलोर बैशर्स ने अपने आखिरी मैच में शानदार जीत दर्ज की और हरियाणवी हंटर्स ने अपना अजेय क्रम बरकरार रखा।

### बैंगलोर बैशर्स बनाम डायनामिक दिल्ली - उमंग और अभिषेक का शानदार प्रदर्शन!

दिन के पहले मैच में डायनामिक दिल्ली के कप्तान सोनू शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी रही, ओपनर्स राहुल गर्ग और लक्षय सिंह ने 4 ओवरों में 55 रन की साझेदारी की। राहुल गर्ग ने 23 गेंदों पर 63 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, लेकिन दिल्ली की मिडिल और लोअर ऑर्डर बुरी तरह से ढह गई। 7वें ओवर में 103 पर 3 के स्कोर से, दिल्ली की टीम 123 रनों पर ऑलआउट हो गई, जिसमें बैंगलोर के गेंदबाज शुबहम चौला और तनुष सेठी ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में, बैंगलोर बैशर्स ने बिना किसी परेशानी के खेला, भले ही उन्होंने जल्दी ही करनजीत सिंह का विकेट गंवा दिया। उमंग सेठी (17 गेंदों पर नाबाद 72) और कप्तान अभिषेक मल्हान (10 गेंदों पर नाबाद 40) के बीच बेहतरीन साझेदारी ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इस जोड़ी ने सिर्फ 4.1 ओवर में 124 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। बैशर्स ने 9 विकेट से शानदार जीत के साथ अपने लीग अभियान का समापन किया।



### कशिश पुंदिर के 5 विकेटों ने हरियाणा हंटर्स को दिलाई एक और जीत!

दूसरे मैच में पंजाब वीर के कप्तान हर्ष बेनीवाल ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया। हालांकि, पंजाब की पारी जल्दी ही बिखर गई। रोहित लाम्बा ने जल्दी विकेट लिया, और कशिश पुंदिर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 21 रन देकर 5 विकेट चटकाए। पंजाब की पूरी टीम 5 .5 ओवर में सिर्फ 71 रन पर ढेर हो गई, जिसमें केवल विशाल चौधरी (5 गेंदों पर 19) और अरशद (4 गेंदों पर 16) ने थोड़ी प्रतिरोध दिखाई। हरियाणा की पारी की शुरुआत आक्रामक रही, लेकिन कप्तान एल्विश यादव 7 गेंदों पर 12 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद, केशव चौधरी ने पारी को संभाला और 12 गेंदों पर नाबाद 53 रन बनाए, जिसमें 8 जबरदस्त छक्के शामिल थे। लक्षय कौशिक (3 गेंदों पर नाबाद 4) के साथ मिलकर, केशव ने 3 .4 ओवर में लक्ष्य हासिल किया, जिससे हरियाणवी हंटर्स ने 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, एल्विश यादव की अगुवाई वाली हरियाणवी हंटर्स 8 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। उनके बाद लखनऊ लायंस और मुंबई डिसरप्टर्स हैं, दोनों के 6 अंक हैं, लेकिन लखनऊ बेहतर नेट रन रेट के कारण आगे है।

# आईएसएल: हैदराबाद के खिलाफ बेंगलुरू को मिलेगा अपने घरेलू मैदान का फायदा

**बेंगलुरू :** बेंगलुरू एफसी अपने घरेलू मैदान श्री कांतीरवा स्टेडियम में आज शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के दूसरे मैचवीक के शुरुआती मुकाबले में हैदराबाद एफसी की मेजबानी करेगा। ब्लूज ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले 10 आईएसएल मुकाबलों में सिर्फ दो बार जीत हासिल की है, और पहली बार लगातार जीत की तलाश में है। इसके विपरीत, हैदराबाद एफसी पिछले तीन आईएसएल सीजन में अपने शुरुआती मुकाबले हार चुकी है और इस बार हालात बदलने की कोशिश करेगी। विनीत वेंकटेश के गोल की बदौलत बेंगलुरू एफसी ने अपने पिछले मैच में ईस्ट बंगाल एफसी को 1-0 से हराया, लेकिन हेड कोच जेरार्ड जारागोजा का कहना है कि इस किशोरवय खिलाड़ी को अपने खेल के कई पहलुओं पर काम करने की जरूरत है। बेंगलुरू एफसी के स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा ने कहा, "उसने (विनीत) पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन वह बहुत छोटा है। उसके पास गुणवत्ता है, लेकिन उसे अपने शरीर, मूवमेंट्स और खेल को रणनीतिक रूप से समझने के लिए बहुत सुधार करने की जरूरत है। हम उसे और बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। वह नर्वस था; क्योंकि कांतीरवा में उसका पहला मैच था, और सुनील छेत्री, राहुल (भेके) जैसे नामी खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। उसे चोट लगी थी, और हमें उम्मीद है कि यह गंभीर नहीं होगी और जल्द ही वह खेलने लायक हो जाएगा।" हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो आईएसएल 2024-25 को लेकर अभी से लक्ष्य तय नहीं करना चाहते हैं।

# शाहिद कपूर की फिल्म हैदर कश्मीर में होगी रिलीज

**जानें किस-किस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखाना चाहती है कश्मीर की जनता**

शाहिद कपूर की हैदर को रिलीज़ हुए लगभग एक दशक हो चुका है। कश्मीर की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म विशाल भारद्वाज की हैमलेट का रूपांतरण थी, जो उस क्षेत्र की स्थिति का मार्मिक चित्रण करती है। उस समय कश्मीर में संवेदनशील राजनीतिक संदर्भ के कारण, हैदर को शुरू में घाटी में रिलीज़ नहीं किया गया था। हालाँकि, अब इसे जल्द ही कश्मीरी दर्शकों के लिए फिर से रिलीज़ किया जाना है। हैदर के बारे में बात करें तो, भले ही कई लोगों ने इसे देखा और इसकी खूब सराहना की, लेकिन कई ऐसे भी हैं जिन्होंने अभी तक इस मास्टरपीस को नहीं देखा है, खासकर कश्मीर के इलाकों में। यही कारण है कि बॉलीवुड हंगामा की एक खबर के अनुसार शाहिद कपूर और तब्बू स्टारर हैदर अब कश्मीर में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है। लोगों की मांग को देखते हुए, हैदर को 20 सितंबर, 2024 को रिलीज़ किया जाएगा। 99 रुपये से कम कीमत वाली इस फ़िल्म को नियमित रूप से दोपहर 2 बजे और 2:30 बजे दिखाया जाएगा। आईनॉक्स श्रीनगर में टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है।

### कश्मीर में काफी लोकप्रिय है 'बजरंगी भाईजान'

कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म कश्मीर में ही रिलीज नहीं हो पाई थी। हालांकि, अब यह फिल्म कश्मीर के दर्शकों के लिए रिलीज होने जा रही है। निश्चित तौर पर यह खबर कश्मीर के दर्शकों के लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं है। आईनॉक्स श्रीनगर के मालिक विकास धर ने मीडिया हाउस को बताया कि इस क्षेत्र के दर्शकों को कश्मीर या रोमांटिक कहानियों पर आधारित फिल्में काफी पसंद आती हैं। सलमान खान की बजरंगी भाईजान वहां खास तौर पर लोकप्रिय है। उन्होंने कहा, ₹बजरंगी भाईजान सबको बहुत पसंद है, यहां हर व्यक्ति को यह फिल्म पसंद है।₹

### 'रॉकस्टार' और 'लैला मजनू' की सबसे ज्यादा डिमांड

आगे कहा कि 'रॉकस्टार' और 'लैला मजनू' की सबसे ज्यादा डिमांड है। उन्होंने कहा कि दर्शक क्या देखना चाहते हैं, यह देखने में उनकी काफी दिलचस्पी है। उन्होंने कहा है कि अगली फिल्म के लिए वह सोशल मीडिया पोल आयोजित करने के बारे में सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'बजरंगी भाईजान' 6 सितंबर को रिलीज हुई थी। इसके दो दिन बाद यानी 8 सितंबर को आइनॉक्स श्रीनगर के सोशल मीडिया पेज पर पोल आयोजित किया गया था। इसमें दर्शकों को चार फिल्मों में से एक चुनने का विकल्प दिया गया था। इन फिल्मों में 'कबीर सिंह', 'हैदर', 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' और 'जब तक है जान' शामिल हैं। लोगों ने हैदर के पक्ष में खूब वोट किया, जिसके बाद अब हैदर कश्मीर में दिखाई जाने वाली है।



### साल 2014 में रिलीज हुई थी 'हैदर'

बता दें कि 2 अगस्त को कश्मीर के एकमात्र मल्टीप्लेक्स आइनॉक्स श्रीनगर में 'लैला मजनू' रिलीज हुई थी, जहां इसे शानदार रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। 'हैदर' साल 2014 में रिलीज हुई एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिसे विशाल भारद्वाज ने लिखा, प्रोड्यूस और डायरेक्ट किया है। फिल्म में शाहिद कपूर के अलावा श्रद्धा कपूर, तब्बू और केके मेनन भी अहम किरदारों में नजर आए थे।

# किरण राव की 'लापता लेडीज' अब जापान में होगी रिलीज

जियो स्टूडियोज की 'लापता लेडीज' फिल्म 100 से अधिक दिनों तक दर्शकों को सिनेमाघरों में आकर्षित करने तथा ओटीटी पर दर्शकों से प्यार और प्रशंसा बटोरने में सफल हुई है। अब यह फिल्म जापान में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है, जिसकी रिलीज 4 अक्टूबर को निर्धारित है।यह फिल्म एक ही ट्रेन में अलग हो जाने वाली दो युवा दुल्हनों के बारे में हल्की-फुल्की एक मनोरंजक कॉमेडी है। नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव और रवि किशन अभिनीत, लापता लेडीज जापानी दर्शकों को हंसाने और मनोरंजक कहानी से मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। निर्देशक किरण राव जापान से प्रतिक्रियाओं का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। अपनी खुशी को साझा करते हुए वह कहती हैं, ₹मैं रोमांचित हूं कि लापता लेडीज़ जापान में रिलीज़ हो रही है। मैं जापानी सिनेमा की प्रशंसक रही हूं, मुझे हमेशा जापानी संस्कृति में गहरी दिलचस्पी रही है और मुझे उम्मीद है कि फिल्म का भावनात्मक सार जापानी दर्शकों के साथ वैसा ही जुड़ेगा जैसा कि हमारे साथ था। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई गई है, जिसकी पटकथा बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है। पटकथा और संवाद स्नेहा देसाई ने, जबकि अतिरिक्त संवाद दिव्यनिधि शर्मा ने लिखे हैं।

# बिहार के नवादा में महादलित बस्ती में आगजानी के मामले में 11 गिरफ्तार, पुलिस कर रही कैम्प

एजेंसी

**नवादा।** बिहार के नवादा में महादलित टोला में दलित दबंगों ने बुधवार की शाम को फायरिंग करते हुए लगभग 80 घरों मैं आगजनी के मामले में पुलिस ने गुरुवार की सुबह तक 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है ।जिसकी पुष्टि नवादा के एसपी अभिनव धीमन ने की है ।

डीएम आशुतोष वर्मा का कहना है की घटना के बाद पुलिस पहुंचकर सख्त कार्रवाई की है ।दंडाधिकारियों के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिस बल को प्रभावित गांवों में तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी अनहोनी की घटना को अंजाम नहीं दिया जा सके।

उन्होंने अभी बताया कि इस



अग्निकांड के मुख्य आरोपी नंदू पासवान सहित 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे ।सभी को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर महादलित टोले में निकट के ही प्राणबीघा दलित टोले के नंदू पासवान के नेतृत्व में 100 से भी अधिक बंदूक हरियो ने गांव को घेर कर आग के हवाले कर दिया था ।जिलाधिकारी आशुतोष वर्मा ने भी 21 घरों को पूर्ण रूप से जलने की पुष्टि की है ।एक दर्जन से अधिक मवेशी की मौत आग में झुलस कर हो चुकी है। जिसके बाद बड़ी संख्या में मौके पर पुलिस कैंप कर रही है। पूरा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है। इस घटना में कई मवेशी भी जलकर मर गई।

**कई मवेशी मरे :** पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि आगजनी में कई मवेशी आदि जलकर मर गईं।घर का सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया है. लोगों के समक्ष खाने-पीने, रहने-सहने की समस्या हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक हुई घटना के कारण लोग कुछ भी नहीं समझ पाए। अचानक गांव पहुंच कर दनादन गोली चलाना शुरू कर दी। जिसके बाद अफरातफरी मच गई। गोली चलने की आवाज सुनकर लोग सहम उठे। जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी बीच घरों में आग लगा दी गई। इस दौरान वाहनों को भी क्षतिग्रस्त किया गया है।

### इन लोगों की घरों में लगाई आग

घटना में गोरेलाल, झपसी मांझी, संजय मांझी, नितय मांझी, रामचंद्र मांझी, भोला मांझी, तारा मांझी, ललिता देवी, अवधेश मांझी, मनोज मांझी, डोमा मांझी, डोमा रविदास, गेंदो मांझी, सुरेश मांझी, विजय रविदास, शोभा देवी, सरिता देवी, सुरुप मांझी, नवल मांझी, निलेश मांझी, रंजीत मांझी, साहेब मांझी, रंगुना मांझी, भोला मांझी, धर्मेंद्र मांझी, अनिल मांझी, रामवृक्ष रविदास, सूरज रविदास, किशोरी रविदास, सिया रविदास, राजेंद्र मांझी आदि के घरों को फूंक दिया गया. तकरीबन 80-85 लोगों के घरों में आग लगाने की बात कही जा रही है। घर तथा सामान जलकर राख होने के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान में जीने को मजबूर है ।उनके पास खाने को दाने भी नहीं है। गांव में अभी तनाव का माहौल कायम है। भारी संख्या में पुलिस बल तनाव किए गए।

### एक साल पहले भी हुई थी गोलीबारी

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गत साल नवंबर महीने में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। तब पुलिस ने मामले में कोई ध्यान नहीं दिया. कोर्ट में प्राथमिकी दर्ज कराई गई. इसके बावजूद पुलिस पूरी तरह निष्क्रिय बनी रही। जिसका नतीजा है कि आज गांव को आग के हवाले कर दिया गया है।

## कोलकाता में डॉक्टरों और सरकार की बैठक रही बेनतीजा, हड़ताल नहीं होगी खत्म

एजेंसी

**कोलकाता।** राज्य के स्वास्थ्य विभाग और जूनियर डॉक्टरों के बीच लंबे समय से जारी गतिरोध का समाधान नहीं निकल सका। बुधवार रात एक बजे तक नवान्न में लंबी बैठक के बाद भी डॉक्टरों की हड़ताल खत्म होने की कोई उम्मीद नहीं दिखी। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी सभी मांगों पर केवल मौखिक सहमति दी गई है। अब तक लिखित में कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। इससे वह निराश हैं। बैठक के बाद स्वास्थ्य भवन के बाहर पत्रकारों से डॉक्टर रुमेलिका कुमार ने कहा, ₹हमारी सभी मांगों पर मुख्य सचिव ने सहमति जताई है, लेकिन वह बैठक के कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर करने को तैयार नहीं हुए। उन्होंने कुछ दिन में आदेश जारी करने का वादा किया। साथ ही मांगों को ई-मेल के माध्यम से मांगा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की 'लाइव स्ट्रीमिंग' की मांग पूरी तरह से सही साबित हुई, जिससे सब कुछ पारदर्शी हुआ। डॉक्टरों की निराशा इस बात से है कि दोनों पक्ष एकमत नहीं हो सके।

डॉक्टरों का कहना है कि मुख्य सचिव ने बैठक में अस्पतालों में सुरक्षा, थ्रेट कल्चर, अस्पतालों के बेड की केंद्रीय व्यवस्था, छात्रसंघ चुनाव और रेफरल सिस्टम जैसी कई महत्वपूर्ण मांगों को स्वीकार किया। मगर बैठक के बाद के कार्यवृत्त में इनका कोई उल्लेख नहीं किया गया। जूनियर डॉक्टर अनिकेत महातो ने कहा कि स्वास्थ्य सचिव की हटाने और अन्य दो मांगों को लेकर हमारी बैठक मुख्य सचिव के साथ हुई। कई मुद्दों पर चर्चा हुई लेकिन कोई सहमति नहीं बनी। हमें केवल मौखिक आश्वासन मिला। सरकार जब तक ठोस कार्रवाई नहीं करती तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

**ये हैं मांगें**

डॉक्टरों ने अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने, मेडिकल कॉलेजों में डर की राजनीति को समाप्त करने और छात्रों के लिए चुनाव आयोजित करने जैसी कई मांगें रखी हैं।अस्पतालों में भर्ती व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए एक केंद्रीय 'रेफरल सिस्टम' होना चाहिए ताकि किसी भी समय खाली बिस्तरों की जानकारी उपलब्ध हो सके।

### कांग्रेस अध्यक्ष को जेपी नड्डा का करारा जवाब

## 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी को 110 से अधिक गालियां दी गई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र पर पलटवार किया है। उन्होंने खड़गे से पूछा है कि जिस व्यक्ति का इतिहास देश के प्रधानमंत्री सहित पूरे ओबीसी समुदाय को गाली देने का रहा हो, देश के प्रधानमंत्री के लिए अत्यंत अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने का रहा हो उस राहुल गांधी को सही ठहराने की कोशिश वे किस मजबूरी में कर रहे हैं?

जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा 'आपने अपने असफल उत्पाद, जिसे जनता ने बार-बार नकार दिया है, उसे चमकाने और राजनीतिक मजबूरी के कारण बाजार में लाने



के प्रयास में पीएम मोदी को पत्र लिखा है। उस पत्र में जो बातें कही गई हैं वे वास्तविकता से कोसों दूर हैं। ऐसा लगता है कि आपने पत्र में राहुल गांधी सहित अपने नेताओं की करतूतों को या तो भुला दिया है या जानबूझकर उन्हें नजरअंदाज कर दिया है, इसलिए मुझे लगा कि उन बातों को विस्तार से आपके संज्ञान में लाना जरूरी है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अब अपने प्रसिद्ध राजकुमार के दबाव में 'कॉपी और पेस्ट' पार्टी बन गई है।''

नड्डा ने लिखा, ये राहुल गांधी की माताजी सोनिया गांधी ही थीं, जिन्होंने मोदी जी के लिए मौत का सौदागर' जैसे अत्यंत असभ्य अपशब्दों का प्रयोग किया था? क्यों तब राजनीतिक शुचिता की बातें कांग्रेस भूल गई थी? जब राहुल गांधी ने सरेआम 'मोदी की छवि को खराब कर देंगे' वाली बात कही थी तो राजनीतिक मयार्दा को किसने खंड-खंड किया था। मैं ये समझता हूं कि अपने नित्य निरंतर फेल प्रोडक्ट का बचाव करना और उसे महिमामंडित करना आपकी मजबूरी है, लेकिन कम से कम कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते आपको इन चीजों पर आत्ममंथन भी तो करना चाहिए था।

जेपी नड्डा ने अपने पत्र में कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी को 110 से अधिक गालियां दी हैं और दुर्भाग्य की बात यह है कि इसमें कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी शामिल है। तब क्यों राजनीतिक शुचिता, मयार्दा, अनुशासन, शिष्टाचार जैसे शब्द आपकी और कांग्रेस की शब्दावली से गायब हो जाते हैं? एक तरफ आप राजनीतिक शुचिता की दुहाई दे रहे हैं लेकिन दूसरी ओर आपकी पार्टी और आपके नेताओं का इतिहास ही राजनीतिक शुचिता की धज्जियां उड़ाने का रहा है। ऐसा दोहरा रवैया क्यों?

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख राहुल गांधी के खिलाफ की जा रहीं विवादित टिप्पणियों पर नाराजगी जताई थी।

## हावड़ा : गोदाम की छत गिरी, 4 मजदूरों की मौत, बचाव कार्य जारी

एजेंसी

**कोलकाता।** हावड़ा के घुसुड़ी इलाके में गुरुवार तड़के एक गोदाम की छत गिरने से 4 मजदूरों की मौत हो गई। मजदूर रात में गोदाम में सो रहे थे। मृतकों की पहचान मुरली राम, भोला यादव, पिंटू राम और राजू महतो के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह घुसुड़ी के जेएन मुखर्जी रोड स्थित कपड़ों के गोदाम की छत का एक हिस्सा अचानक ढह गया। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचन दी जिसके बाद पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान गंभीर रूप से घायल एक मजदूर को मलबे से निकाल कर हावड़ा



जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मलबे से तीन अन्य मजदूरों के शव निकाले गए। दमकल और आपदा प्रबंधन टीम अब भी मलबा हटाने में जुटी हुई है क्योंकि कुछ अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

### दौसा में 35 फीट गहरे गड्ढे में फंसी दो साल की मासूम बच्ची को बचाया

**दौसा।** जिले के बांदीकुई उपखण्ड के जोधपुरिया गांव में बोरवेल के पास बने 35 फीट गहरे गड्ढे में फंसी दो साल की मासूम नीरू को 17 घंटे बाद राष्ट्रीय आपदा राहत बल (एनडीआरएफ) ने सुरंग खोदकर सकुशल बाहर निकाल लिया। दरअसल बुधवार शाम करीब 5 बजे खेलते वक्त मासूम बच्ची गड्ढे में गिर गई थी। जिसके बाद दौसा से पहुंची सिविल डिफेंस की टीम ने निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद एनडीआरएफ को बुलाया गया। जहां बच्ची को बचाने के लिए एनडीआरएफ की टीमों ने लगातार 12 घंटे तक खुदाई की थी। गुरुवार सुबह एक पाइप के जरिए टीमें बच्ची तक पहुंची। जिसे करीब 10.10 बजे सुरक्षित बाहर निकाला गया। नीरू गुर्जर (2) को जैसे ही टीमों ने बाहर निकाला पूरा क्षेत्र वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा।

### बलिया में बाढ़ का कहर

## एनएच 31 टूटा, बिहार से आवागमन बाधित

एजेंसी

**बलिया ।** बलिया में गंगा का जलस्तर भले ही स्थिर हो गया है, लेकिन सरयू (घाघरा) नदी का कहर जारी है। बुधवार की रात करीब एक बजे उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने वाला एनएच 31 चांददियर के पास टूट गया। जिससे माझी पुल और एनएच के क्षतिग्रस्त हिस्से के बीच सैकड़ों लोग फंस गए। एनडीआरएफ की टीम ने फंसे हुए लोगों को रेस्क्यू किया। एनएच का हिस्सा टूट जाने से फिलहाल यूपी-बिहार के बीच आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। जिले से होकर गुजरने वाली दोनों प्रमुख नदियों गंगा व सरयू उफान पर हैं। बुधवार शाम तक जहां गंगा का जलस्तर स्थिर होता दिखा। वहीं, सरयू का रौद्र रूप जारी है। सरयू में आये उफान को एनएच (राष्ट्रीय राजमार्ग) बर्दाश्त नहीं कर सका।

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने गुरुवार सुबह इस बारे



में बताया कि रात में जैसे ही एनएच 31 के टूटने की जानकारी मिली। मौके पर एडीएम और बैरिया के एसडीएम को भेजा गया। स्थानीय पुलिस के अलावा एनडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई। फंसे हुए लोगों को तत्काल रेस्क्यू किया गया। आसपास की आबादी पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि फिलहाल इस राजमार्ग से आवागमन बाधित है। राजमार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत के प्रयास किये जा रहे हैं। शीघ्र ही अवमाग चालू हो जाएगा।

### यूएस फेड के फैसले से घरेलू शेयर बाजार में तेजी

## नई ऊंचाई पर सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने के फैसले का असर गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार पर भी नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। शुरूआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने खरीदारी के सपोर्ट से और तेजी हासिल करते हुए मजबूती के नए शिखर पर पहुंचने में सफलता हासिल की। हालांकि बाद में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण ये दोनों सूचकांक अपने ऊपरी स्तर से नीचे फिसल गए। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.60 प्रतिशत और निफ्टी 0.51 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी, बजाज ऑटो, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और नेस्ले के शेयर 2.74 प्रतिशत से लेकर 1.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीपीसीएल, ओएनजीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजी, विप्रो और टीसीएस के शेयर 1.90 प्रतिशत से लेकर 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,343 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 873 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,470 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 5 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 410.94 अंक उछल कर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 83,359.17 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से थोड़ी ही देर में ये सूचकांक 800 अंक से अधिक की छलांग लगा कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 83,773.61 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट भी आई। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 493.57 अंक की मजबूती के साथ 83,441.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने भी आज 109.50 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई का नया रिकार्ड बनाते हुए 25,487.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद लिवालों ने अपना जोर बना दिया, जिसके कारण थोड़ी ही देर में ये सूचकांक 230 अंक से अधिक उछल कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 25,611.95 अंक तक पहुंच गया। हालांकि ऑल टाइम हाई का नया रिकार्ड बनाने के बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी थोड़ी गिरावट आई।

## पिता ने की पुत्र की हत्या

**शिवसागर (असम)।** शिवसागर जिले के करी गांव इलाके में पिता द्वारा अपने बेटे की बड़ी बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात रमेन बरुवा (60) ने अपने पुत्र दीपू बरुवा (34) पर सोते समय खुखरी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पुत्र की हत्या करने के आरोप में रमेन बरुवा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस मृत पुत्र के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित ने पुलिस को प्रारंभिक जांच के दौरान बताया कि उसका पुत्र दीपू आए दिन शराब पीकर घर आता था। वह मां, बाप, भाई, भाभी के साथ शारीरिक और मानसिक अत्याचार किया करता था। जिसकी वजह से घर के सभी लोग उससे तंग आ चुके थे। तंग आकर उसने अपने पुत्र की हत्या कर दी। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### न्यूज IN बिजनेस

## फिल्म 'आयुष्मति गीता मैट्रिक पास' का पोस्टर रिलीज

**मुम्बई :** सुपर 30 के फाउंडर पद्मश्री आनंद कुमार ने प्रदीप खेरवार द्वारा




निर्देशित कशिका कपूर और अनुज सैनी अभिनीत फिल्म ह्लआयुष्मति गीता मैट्रिक पासह्व का मुम्बई में पोस्टर रिलीज किया। ऋतिक रोशन स्टारर फिल्म सुपर 30 के बाद आनंद कुमार बॉलीवुड में फिल्म आयुष्मती गीता के पोस्टर लांच में नजर आये। यह फिल्म महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के बारे में है। लव स्टोरी के साथ यह फैमिली ड्रामा है, जिसमे कॉमेडी भी है। फिल्म सौ प्रतिशत पारिवारिक है। निर्देशक प्रदीप खरवार अपनी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। महिलाओं का शिक्षित होना कितना महत्वपूर्ण और जरूरी है, इसी नजरिये को डायरेक्टर ने इस सिनेमा के माध्यम से कहने का प्रयास किया है। बॉलीवुड फि ल्म इंडस्ट्री में इस फिल्म से डेब्यू कर रही कशिका कपूर पोस्टर में बेहद आकर्षक लग रही हैं। उनके हाथ मे कलम है और वह कुछ लिख रही हैं, उनके पीछे ब्लैकबोर्ड है। फिल्म का कॉन्सेप्ट एजुकेशन को लेकर जागरूकता फैलाना है इस वजह से पद्मश्री आनंद कुमार का नाम फिल्म के पोस्टर में भी छपा है और उनका विशेष आभार जताया गया है। अनुज सैनी की भी फिल्म में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। कशिका कपूर इस फिल्म में गीता का टाइटल रोल निभा रही हैं, जिसकी कहानी प्रेरणादायक है। शिक्षा और कला को महत्व देने वाले परिवार में जन्मी और पली-बढ़ी कशिका कपूर को हमेशा अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। अभिनय, नृत्य और रंगमंच में उनके शुरूआती प्रशिक्षण ने उन्हें फिल्म जगत की प्रतिस्पर्धी दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए आवश्यक कौशल से लैस किया है। कशिका का किरदार भारत में कई युवतियों महिलाओं के संघर्ष और जीत को दशार्ता है।

## एमेजॉन ने त्योहारों के लिए अपना लॉजिस्टिक्स नेटवर्क किया मजबूत, 3 नए फुलफिलमेंट सेंटर किए लॉन्च

**रांची :** आगामी त्योहारों की तैयारी में एमेजॉन इंडिया ने दिल्ली एनसीआर, गुवाहाटी और पटना में तीन नए फुलफिलमेंट सेंटर लॉन्च करने की घोषणा की। ये नए फुलफिलमेंट सेंटर एमेजॉन के मौजूदा फुलफिलमेंट नेटवर्क के विस्तार के साथ उत्तर और पूर्व भारत में डिलीवरी में तेजी लेकर आएंगे। इस निवेश से इन राज्यों के विक्रेताओं को अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने में मदद मिलेगी क्योंकि उनके उत्पाद ग्राहकों तक ज्यादा तेजी से पहुँच सकेंगे। इससे हजारों नौकरियों के अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। ये नौकरियाँ एमेजॉन के ऑपरेशंस नेटवर्क में विभिन्न भूमिकाओं के लिए होंगी, जिनमें पूर्णकालिक और अंशकालिक नौकरियों के अवसर शामिल हैं। ये फुलफिलमेंट सेंटर तैयार हैं और आगामी त्योहारों से पहले संचालन करना शुरू कर देंगे। इन फुलफिलमेंट सेंटर्स से दिल्ली एनसीआर, बिहार और असम के 2.5 लाख से ज्यादा विक्रेताओं को मदद मिलेगी। एमेजॉन के ऑपरेशंस नेटवर्क के अधिकांश भवनों में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रभावशाली बिल्डिंग प्रणाली है ताकि इनमें बिजली का उपयोग कम से कम हो। इन्हें नेट वॉटर जीरो भवनों के रूप में डिजाईन किया गया है, और रेन वॉटर कलेक्शन टैंक्स, रिचार्ज वैल्स द्वारा पानी को एक्वीफर, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स आदि में एकत्रित किया जाता है। यहाँ काम करने का समावेशी वातावरण मिलता है। एमेजॉन के फुलफिलमेंट सेंटर्स का डिजाईन दिव्यांगों के लिए भी सुविधाजनक बनाया गया है। इस बारे में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, 'एमेजॉन इंडिया स्टोरेज और प्रोसेसिंग के लिए असम में अपनी क्षमताएं बढ़ा रहा है, जिससे मेरा मानना है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर और रोजगार की वृद्धि होगी। मुझे उम्मीद है कि इस क्षमता विस्तार से एमेजॉन लाखों स्थानीय रिटेलर्स को लाभ पहुंचाएगा जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में भी योगदान मिलेगा।'

## महिंद्रा का सालाना सारथी अभियान जारी, ट्रक ड्राइवरों की मेधावी बेटियों के लिए 1000 नई छात्रवृत्तियां

**रांची :** महिंद्रा समूह की एक इकाई महिंद्रा ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) ने आज ड्राइवर्स डे 2024 के उपलक्ष्य में, महिंद्रा सारथी अभियान के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों की लड़कियों के लिए छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से, महिंद्रा ने ट्रक ड्राइवरों की मेधावी लड़कियों के उच्च शिक्षा के अधिकार को सपोर्ट करते हुए उनके जीवन को बदलने की दिशा में एक छोटा सा योगदान देने की अपनी प्रतिबद्ध दोहराई है। महिंद्रा इस पहल की अगुवाई करने वाले पहले कमर्शियल व्हीकल निमार्ताओं में से एक है और चयनित छात्रा को उनकी उपलब्धि के सम्मान में एक प्रमाण पत्र के साथ 10,000 रुपये की छात्रवृत्ति से सम्मानित किया जाता है। यह प्रयास महिंद्रा ट्रक और बस डिवीजन की ट्रक चालक समुदाय के लिए चल रही प्रतिबद्धता में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसे 2014 में महिंद्रा सारथी अभियान के साथ शुरू किया गया था। यह पूरे भारत में 75 से अधिक परिवहन केंद्रों पर कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा। अब तक, 10,029 लड़कियों को पहले ही इस पहल के तहत छात्रवृत्ति का लाभ मिल चुका है, जिससे उन्हें अपनी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने का मौका मिला है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ट्रक, बस, सीई, एयरोस्पेस और रक्षा कारोबार के प्रेसिडेंट और महिंद्रा समूह के ग्रुप एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सदस्य विनोद सहाय ने कहा, ह्यमहिंद्रा सारथी अभियान के जरिए हम सिर्फ छात्रवृत्ति ही नहीं दे रहे हैं, बल्कि एक उज्जवल भविष्य के द्वार खोल रहे हैं और युवा दिलों में उम्मीद जगा रहे हैं। हम ट्रक चालक भागीदारों की बेटियों को शिक्षा के अवसर प्रदान करके जीवन बदलने के लिए समर्पित हैं। उनके भविष्य में निवेश करके हम सशक्त महिलाओं की एक पीढ़ी तैयार कर रहे हैं जो हमारे समुदायों और बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

## डायसन ने फेस्टिवल सीजन से पहले नए प्रोडक्ट्स की घोषणा की

**रांची :** भारत में त्योहारी सीजन आने ही वाला है और इससे पहले डायसन ने ब्यूटी, ऑडियो और होम कैटेगरी में चार नए प्रोडक्ट्स पेश किए हैं। इंडियन मार्केट में हिस्सेदारी बढ़ाने और विस्तार करने के लिए डायसन ने हाई-परफॉर्मेंस टेक्नोलॉजी को भारत में पेश किया है, जो आपकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करेगी। डायसन के यह प्रोडक्ट्स कंपनी की योजना के अनुसार सिलेसिलेवार सामने आएंगे। नए लाइनअप में दो एडवांस हेयर स्टाइलिंग टूल शामिल हैं -डायसन एयररैप i.d.™ मल्टी-स्टाइलर और ड्रायर, डायसन सुपरसोनिक नूरलह्व हेयर ड्रायर, डायसन का पहला ऑडियो-ओनली प्रोडक्ट- ऑनट्रैकह्व हेडफोन और कंपनी का पहला डेडिकेटेड वेट क्लीनर-डायसन वॉशजी1™ वेट फ़्लोर क्लीनर। डायसन की भारत में लॉन्च होने वाली टेक्नोलॉजी में शामिल हैं : बहुआयामी स्टाइलिंग के लिए एक क्रांतिकारी हेयर केयर प्रोडक्ट : डायसन ने आज दो पायोनियरिंग ब्यूटी प्रोडक्ट पेश किए हैं। डायसन एयररैप i.d.™ मल्टी-स्टाइलर और ड्रायर, डायसन का पहला कनेक्टेड ब्यूटी प्रोडक्ट है। यह अब Dyson.in और डायसन डेमो स्टोर्स पर 45,900 रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। यदि आपको बेहतरीन कर्ल चाहिए तो आपको सिर्फ एक बटन दबाकर प्रोग्राम करना होगा। खास बात यह है कि इस ड्रायर की हीट से आपकी त्वचा को कोई नुकसान भी नहीं होगा। ब्लूटूथ७ तकनीक से लैस यह कस्टमाइज्ड स्टाइलिंग अनुभव प्रदान करता है। यूजर मायडायसन™ ऐप पर अपने बालों की प्रोफाइल को पर्सनलाइज स्टाइल दे सकते हैं। एक ही टच से बड़ी आसानी से कर्ल बना सकते हैं। यह मल्टी-स्टाइलर छह अटैचमेंट और डायसन के डिजाइन किए गए प्रेजेंटेशन केस में आपको एक कंघा भी मिलता है जो उलझे बालों को सुलझाने के साथ स्पेशल स्ट्रॉबेरी ब्रॉन्ज/ब्लश पिंक एडिशन में आता है।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटोरोला एज 50 नियो

**रांची :** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी, मोटोरोला ने आज मोटोरोला एज 50 नियो को भारत में लॉन्च किया है। यह मोटोरोला के प्रीमियम एज स्मार्टफोन लाइनअप में शामिल किया गया सबसे नया प्रोडक्ट है, जो स्लीक एवं मिनिमलिस्ट डिजाइन के साथ बेहद दमदार फीचर्स का बेजोड़ संगम है और ₹रेडी फॉर एनीथिंग₹ के टैगलाइन को साकार करता है। अधिकतम क्रिएटिविटी वाला यह डिवाइस सही मायने में बहु-उपयोगी है, और इसी वजह से यह स्टाइल के साथ-साथ परफॉर्मेंस की मांग करने वाले यूजर्स के लिए बिल्कुल सही स्मार्टफोन बन गया है। एज 50 नियो में टक्ष्छ-810ल्ह मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी और आई पी 68 वॉटर रेजिस्टेंस जैसे कई बेमिसाल फीचर्स मौजूद हैं, जो इन सर्टिफिकेशन के साथ इसे भारत का सबसे हल्का स्मार्टफोन बनाता है। इसे दूसरों से अलग बनाने वाली खूबियों में सोनी-छ ळक्ष्अळट 700उ सेंसर के साथ मोटो एआई से संचालित 50टढ कैमरा, बेहद खूबसूरत पैन्टोन क्यूरेटेड कलर्स के साथ स्लीक वीगन लेदर फिनिश, 6.4ह्व का 120ल्९ एलटीपीओ पीओएलईडी फ्लैट डिस्प्ले, 5 साल तक डर अपग्रेड की गारंटी, 68डब्ल्यू टर्बोपावर चार्जिंग और 15ह वायरलेस चार्जिंग शामिल हैं।मोटोरोला एज 50 नियो ने अपने टक्ष्छ-रळऊ-810ल्ह मिलिट्री-ग्रेड सर्टिफिकेशन के साथ स्मार्टफोन की ड्युरेबिलिटी के मामले में एक नई मिसाल कायम की है, और बेहद आकर्षक एवं खूबसूरत डिजाइन को मजबूती के साथ जोड़ा है। यह बेहद कठोर मिलिट्री ड्युरेबिलिटी टेस्ट पास करने वाला भारत का सबसे हल्का स्मार्टफोन है, और इस तरह यह स्मार्टफोन झटके, कंपन और 1.5 मीटर तक की ऊंचाई से गलती से नीचे गिर जाने जैसी परिस्थितियों का सामना कर सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिंसा की राजनीति में विश्वास करती है भाजपा : डॉ अजय कुमार

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा। अजय कुमार ने राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू और शिव सेना (शिंदे गुट) के संजय गायकवाड़ द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान की भर्त्सना की। उन्होंने बुधवार को यहां प्रेस बयान जारी कर कहा कि बीजेपी हिंसा की राजनीति करने में विश्वास करती है। ऐसा लगता है कि केंद्रीय नेतृत्व के इशारे पर इन नेताओं द्वारा बयान दिए गए हैं। यही कारण है कि इन नेताओं के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। डा। अजय कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति अहिंसा, सद्भाव और प्रेम के लिए पूरी दुनिया में जानी जाती है।

आजादी के बाद संसदीय क्षेत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सम्मानजनक असहमति का लंबा इतिहास रहा है। इसने भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का काम किया है। लेकिन भाजपा का यह राजनीतिक व्यवहार लोकतांत्रिक इतिहास में असभ्यता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि लगातार चुनाव में मिल रही पराजय से भाजपा नेताओं की परेशानी बढ़ गई है। यही वजह है कि उनके नेताओं द्वारा इस प्रकार का व्यवहार किया जा रहा है। देश की जनता अब मोदी और भाजपा की चाल चरित्र को भली भांती समझ चुकी है। आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा।

### हाइवा के धक्के से गिरे बाइक सवार को ट्रेलर ने कुचला, मौत, दो गंभीर



**चाईबासा :** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर ईचागढ़ थाना क्षेत्र के शंकराडीह और नागासेरेंग के बीच हुई सड़क दुर्घटना में बाइक में हाइवा ने धक्का मार दिया। इससे बाइक पर सवार तीन युवक गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रेलर ने एक को कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गई। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। मृतक की पहचान कुचाई थाना के जेनेलिया बाड़ेडीह के रहने वाले प्रधान मुंडा के रूप में की गयी है। घायलों की पहचान उसी गांव के रहने वाले लिपाई मुंडा और शंकर मुंडा के रूप में की गई है।

सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही ईचागढ़ थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। वहीं ईचागढ़ थाना की पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार तीन युवक रांगामाटी की ओर से चांडिल की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में एनएच 33 पर नागासेरेंग और शंकराडीह के बीच तेज रफ्तार एक हाइवा ने बाइक सवार को जोरदार धक्का मार दिया। वहीं हाइवा के ठीक पीछे चल रहे एक ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचल दिया। दुर्घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गये। दुर्घटना में बाइक ट्रेलर के अंदर ही फंस गया था।

ट्रेलर में फंसा बाइक को घसीटते हुए करीब 50 मीटर तक ले गया। इससे बाइक में फंसे युवक के ऊपर से ट्रेलर पार हो गया। वहीं दो युवक बाहर फेंका गए थे। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोग पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

### बन्ना गुप्ता सिख पगड़ी का इतिहास पढ़ें और माफी मांगे : सोमू

**जमशेदपुर :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ जिला कांग्रेस की ओर से मंगलवार को किए गए पुतला दहन के दौरान केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की तस्वीर पर बन्ना गुप्ता द्वारा पैर रखे जाने की तीव्र निंदा हो रही है। भाजपा के युवा सिख नेता सतबीर सिंह सोमू ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता ने ऐसा कर न केवल सिखों का ही नहीं बल्कि पूरे देश के नागरिकों का अपमान किया है।

रवनीत सिंह बिट्टू ने पगड़ी पहन रखी है और पगड़ी भारत की आन बान शान का प्रतीक है जिस पर हर भारतीय गर्व करता है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस ने षड्यंत्र के तहत सिखों को हाशिये पर लाने के लिए पहले पंजाब का बंटवारा करवाया। अकाली दल की सरकार बर्खास्त की जाती रही, आनंदपुर प्रस्ताव को देश विरोधी बताकर पूरे देश में सिखों के खिलाफ नफरत का माहौल गया। पवित्र स्थल स्वर्ण मंदिर में हमला करवाया गया। निर्दोष सिखों को मारा गया।

उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ऐसे सिख धर्म विरोधी नस्लवादी कांग्रेस नेता को मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की। वही बताया कि इस अपमानजक कृत्य के लिए साकची में सिखों द्वारा मंत्री बन्ना गुप्ता का पुतला दहन किया जाएगा।

### भालूबासा चौक में विधायक सरयू राय का जलाया पुतला

**जमशेदपुर :** कदमा में आदिवासी महिला एवं उसकी बच्ची की पिटाई करने वाले मंगल सिंह आखाड़ा के ब्रजेश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के समर्थन में बयान देने वाले विधायक सरयू राय का एससी, एसटी, दलित अल्पसंख्यक समिति ने भालूबासा चौक पर उनका पुतला दहन करके विरोध जताया। समिति ने कहा कि जिस समुदाय के वोट से सरयू राय विधायक बने। उसी समुदाय की महिला का उत्पीड़न करने वाले के साथ वे खड़े हैं। वे हमेशा एससी, एसटी ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों का अपमान करते हैं। जबकि दबंग के द्वारा आदिवासी महिला और उनके नाबालिग बेटी को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। समिति ने बृजेश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को गिरफ्तार करने और आदिवासी महिला और उनकी नाबालिग बेटी को न्याय देने की मांग की। पुतला दहन के दौरान लोगों ने सरयू राय के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही आसन्न विधानसभा चुनाव में वोट से चोट करने की बात कही।

पुतला दहन में माझी बाबा, बिंदा सोरेन, पोरेश सिंह सरदार, एससी ओबीसी माइनॉरिटी वेलफेयर समिति के महासचिव रवींद्र प्रसाद, बिरसा सेना अध्यक्ष दिनकर कश्यप, मुखीसमाज अध्यक्ष पोरेष मुखी,गौतम बॉस, प्रताप यादव, कार्तिक मुखी,सुरमीत सिंह,लखविंदर करूवा, सुनीता मुखी, ललिता दास, मुन्ना राम,विकाश मुखी,सावन मुखी, राजकुमार दास, सेंटी रजक, सुनीता मुखी, मुन्ना, राजेश रजक, कबीर चंद्र, सुरेंद्र रजक, रविंद्र प्रसाद सुरजीत सिंह, बलिराम प्रसाद ,प्रताप यादव, सिया शरण शर्मा, चैतन्य मुखी, सचिन मुखी, मुन्ना पाठक, सुबोध रविदास, अरुण कुमार, राजू दास, वकील यादव, अशोक पासवान,विशु दा, बिन्दा सोरेन, गौतम बोस, दिनकर कक्ष्यप, बिरसा सेना अध्यक्ष, सावन लगून, राजेश रजक चंदूमुखी सावन मुखी एवं आरडी राय आदि मौजूद रहे।

# विधान सभा चुनाव 2024 कोल्हान के लिए है काफी महत्वपूर्ण







**बिनय मिश्रा –**

अविभाजित बिहार के समय एकीकृत सरायकेला खरसवां जिला पश्चिम सिंहभूम चाईबासा में समाहित था और इस प्रकार से पश्चिम सिंहभूम जिला में कुल आठ विधानसभा समाहित थें। सरायकेला-खरसवां जिला अधीन तीन विधानसभा ईचागढ़, खरसवां और सरायकेला इसी जिला अधीन थें। वर्ष 2000 के विधानसभा चुनाव में खरसवां के तत्कालीन विधायक अर्जुन मुण्डा भाजपा में शामिल हुए और इस विधानसभा क्षेत्र से विजय भी रहे। वहीं निर्दलीय विधायक अरविन्द सिंह उर्फ मलखान सिंह भी भाजपा में शामिल हुए और ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल की। वहीं सरायकेला विधानसभा से अनन्त राम टुडू भाजपा से चुनाव जीतने में सफल रहे थें। 15 नवम्बर 2000 को अलग झारखण्ड राज्य बनने के साथ ही बाबुलाल मराण्डी जब मुख्यमंत्री बनें तो खरसवां से विधायक बनने वाले अर्जुन मुण्डा को भी काबीना मंत्री बनाया गया और उन्हें कल्याण मंत्री का दायित्व सौंपा गया। श्री मुण्डा मंत्री बनने के साथ ही राज्य के विकास के साथ-साथ सरायकेला-खरसवां जिला 2001 में बनवाने में सफल रहें और इस प्रकार से एकीकृत पश्चिम सिंहभूम चाईबासा से अलग होकर सरायकेला-खरसवां नया जिला बना। बाबुलाल मराण्डी के मुख्यमंत्री रहते जब राजनीति गतिरोध आरंभ हुआ तब तत्कालीन कल्याण मंत्री अर्जुन मुण्डा को झारखण्ड का नया मुख्यमंत्री बनाया गया। इस प्रकार से सरायकेला-खरसवां जिला के लिए यह एतिहासिक अवसर रहा कि इस जिला के खरसवां विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतने वाले अर्जुन मुण्डा काबीना मंत्री के पश्चात झारखण्ड के नये मुख्यमंत्री बनें। इसके पश्चात तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबुलाल मराण्डी के समय से ही कोल्हान प्रमण्डल गठन और राज्य का पांचवा प्रमण्डल के रूप में कोल्हान को बनाये जाने का जोरदार प्रयास कामयाब रहा और अक्टुबर 2003 में कोल्हान प्रमण्डल का गठन किया गया उस समय राज्य के मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा का प्रयास और योगदान भी काफी सराहणीय और उपलब्धि भरा रहा।

राज्य का पांचवां प्रमण्डल कोल्हान के गठन के पश्चात इस क्षेत्र का विकास भी पुरजोर तरीके से हुआ और इस प्रमण्डल अधीन तीन संसदीय क्षेत्र सिंहभूम, खूँटी और राँची भी समाहित है। इसके अलावे विधानसभा, खरसवां, खूँटी संसदीय क्षेत्र में आता है और ईचागढ़ राँची संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा खरसवां विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर काबीना मंत्री और मुख्यमंत्री भी बनें वहीं जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद भी चुने गयें। इसके अलावे 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के पश्चात केन्द्रीय मंत्री भी बनें। इस प्रकार से कोल्हान के राजनीति में अपनी दमदार सशक्त पकड़ रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री व काबीना मंत्री कोल्हान को राज्य और देश में जबर्दस्त पहचान दिलायी जो निश्चित तौर पर कोल्हान के लिए हमेशा एक उपलब्धि भरा एतिहासिक अवसर भी है उपलब्धि भी है।

### स्वर्णरिखा नदी का जल स्तर बढ़ने से तटीय इलाका हुए जलमग्न

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में पिछले दिनों से हो रही लगातार बारिश के बाद गालूडीह एवं चांडिल डैम से पानी छोड़े जाने के कारण स्वर्णरिखा नदी एवं रांगड़ो नाला का जलस्तर बढ़ने से पानी उफान मार रहा है। स्वर्णरिखा नदी किनारे बसे चित्रेश्वर, रांगुनिया, पंचांडो आदि इलाके में स्वर्णरिखा नदी में पानी का स्तर बढ़ते ही लगभग 65 एकड़ धान के खेत डूब गया है। जिससे धान की फसल बर्बाद होने के आसार दिख रहे हैं। इस बार क्षेत्र के किसानों ने मशीन से धान की पटवनी कर धान की चारा लगाया था। खेत में धान की रोपनी भी की थी। स्वर्णरिखा नदी में पानी बढ़ते ही रांगुनिया के समीप रांगड़ो नाला में पानी भर जाने से रांगुनिया, चित्रेश्वर, बाघाकुल्हि गांव के इस क्षेत्र में पानी धान के खेत में तथा लोगों के घरों तक आ गया है। किसानों के मुताबिक अगर जल्दी ही पानी नीचे नहीं उतरा तो धान के पौधे सड़ने की संभावना बढ़ जाएगी।उधर बहरागोड़ा प्रखंड के एक और पंचायत कुमारडूबी के मालकुंडा से प्रतापपुर जाने के लिए रांगड़ो खाल पर पुल नहीं बनने से लगभग 27 घरों के करीब 150 लोग अपने घर में ही फंसे हुए हैं।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना की प्रगति का श्रम अधीक्षक ने लिया जायजा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा/कोलेबिरा:** श्रम अधीक्षक सह जिला कौशल पदाधिकारी पुनीत मिंज और यूएनडीपी जिला प्रोजेक्ट अस्सिटेंट श्रेय लकड़ा ने गुरुवार को कोलेबिरा प्रखंड में संचालित कौशल विकास संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सारथी योजना के विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया और बच्चों से कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान सेंटर हेड पारस वर्मा, सेंटर इंचार्ज प्रभु कश्यप, एम आई एस रहनुमा प्रवीण, डी डी ओ ट्रेनर सबना प्रवीण, सोनाली कुमारी, एस ए टी ट्रेनर पिंकी कुमारी, रानी उराव, मोबिलिजर योगेश कुमार गुप्ता, सुल्ताना प्रवीण उपस्थित थे।

श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत कोलेबिरा प्रखंड में कौशल विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कार्यक्रम अच्छे ढंग से चल रहा है और युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री आर्थिक योजना के तहत युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 22 हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात किसानों की फसलें बर्बाद, ग्रामीणों में दहशत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चान्हो :** प्रखंड के तरंगा गांव में बुधवार रात 22 हाथियों के झुंड ने भारी उत्पात मचाया, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। हाथियों ने किसानों की खेतों में उगी मकई, खीरा, मिर्ची, लौकी, भिंडी और अन्य फसलों को न केवल खा लिया, बल्कि रौंदकर बर्बाद भी कर दिया। इस घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे उनका भविष्य संकट में पड़ गया है।



हाथियों को देखने के लिए आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग जमा हो गए। भीड़ में मौजूद लोग मोबाइल से वीडियो बनाते रहे और शोर मचाते रहे, जिससे हाथी गुस्से में आकर कई बार ग्रामीणों की ओर दौड़ पड़े। इस दौरान हाथियों और लोगों के बीच कई बार तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

वन विभाग के क्षेत्र पदाधिकारी ने जानकारी दी कि विभाग लगातार हाथियों पर नजर बनाए हुए था, और घटनास्थल पर वनकर्मियों को तैनात किया गया था। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की थी कि वे हाथियों के पास न जाएं और उन्हें परेशान न करें, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। देर रात, वन विभाग की टीम ने हाथियों को खदेड़ते हुए तरंगा गांव से बंगवा जंगल की ओर भेज दिया। हालांकि, ग्रामीणों में अभी भी हाथियों के वापस आने का डर बना हुआ है, और वे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। वन विभाग ने जल्द ही उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है ताकि ग्रामीणों को हाथियों के उत्पात से राहत मिल सके।

## मांडर ब्लॉक के नारों गांव में श्रमिक शिक्षा दिवस का आयोजन

**मांडर:** ब्लॉक के नारों गांव में श्रमिक शिक्षा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी रेखा देवी, ग्राम प्रधान गंगा उरांव, वार्ड सदस्य, और अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को शिक्षा के महत्व और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।



समाजसेवी रेखा देवी ने अपने संबोधन में कहा, ₹श्रमिक शिक्षा दिवस का आयोजन हमारे समाज में जागरूकता फैलाने और श्रमिकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।₹ ग्राम प्रधान गंगा उरांव ने भी इस अवसर पर श्रमिकों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को निःशुल्क आभा कार्ड (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट कार्ड) भी बनाए गए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा। इस पहल का ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

श्रमिक शिक्षा दिवस का यह आयोजन श्रमिक समुदाय के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### आईडीटीआर में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

**जमशेदपुर :** इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर में बुधवार को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदित्यपुर नगर निगम के कमिश्नर रवि प्रकाश ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आस-पास स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शरीर में ही स्वच्छ मस्तिष्क का वास होता है। स्वस्थ्य रह कर ही हम अपना तथा अपने समाज के कल्याण में योगदान कर सकते हैं। उन्होंने स्वच्छता कार्यक्रम में हरसंभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर अंजन कुंडु ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिये सभी प्रकार की स्वच्छता बहुत जरुरी है, चाहे वो व्यक्तिगत हो, अपने आसपास की पर्यावरण की या काम करने की जगह स्कूल-कॉलेज आदि हो। कार्यक्रम में आईडीटीआर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 18 वर्ष पूर्व घर से भागा हुआ लड़का माता-पिता से बात किया

**सिमडेगा :** मुफस्सिल थाना में राजू बड़ाईक नामक व्यक्ति के द्वारा फोन कर अपना परिचय देते हुए बताया गया कि, ये 18 वर्ष पूर्व अपने पिता के डांट-फटकार के वजह से घर से भाग गये थे। वर्तमान में इन्हे अपने घर-परिवार का कुछ पता नहीं है। इन्होंने सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों का नाम बताया, तत्पश्चात मुफस्सिल थाना द्वारा इनके परिवार के संबंध में छानबीन कर इनके परिवार का पता लगाया गया, जो तामड़ा टाभडीह निवासी पिता- शंकर बड़ाईक, माता- जानकी देवी हैं। नाम पता का सत्यापन कर राजू बड़ाईक के परिवार से सम्पर्क कर विडियो कॉल के माध्यम से इनके माता पिता से मिलाया गया। दोनों आपस में बात कर बहुत खुश नजर आए । वर्तमान में राजू बड़ाइक हैदराबाद में है और जल्द ही अपने गांव अपने माता पिता के पास आने की बात राजू बड़ाईक के द्वारा बोला गया।

## ऐतिहासिक होगी केरसई में परिवर्तन यात्रा : मानकीलाल

### छत्तीसगढ़ की तरह झारखंड में भी होगा सत्ता परिवर्तन : प्रमुख तरण भोय

### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल केरसई में करेंगे रोड शो




**केरसई :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा झारखंड प्रदेश में 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक परिवर्तन यात्रा किया जा रहा है सिमडेगा जिला में 23 सितंबर को परिवर्तन यात्रा रथ का आगमन होगा जो बानो कोलेबिरा होते सिमडेगा आएगी जिसमे राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल अंटोनी एवं अनुसूचित जनजाति राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव मौजूद रहेंगे वहीं 24 सितंबर को सिमडेगा गांधी मैदान में रैली के पश्चात ठेठईटांगर बोलबा केरसई में रोड शो करते हुए कुरडेग में सभा होगा जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सह हटिया विधायक नवीन जायसवाल मौजूद रहेंगे।

इसी निमित्त केरसई मंडल में मंडल अध्यक्ष मानकीलाल की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि बनदुर्गा से बाइक रैली से आगवाई करते हुए परिवर्तन रथ एवं अतिथियों को लाया जाएगा एवं केरसई में रोड शो होगा इसकी तैयारी को लेकर शक्ति केंद्र वार संयोजक मंडली का गठन कर लिया गया है और मंडल अध्यक्ष ने कहा की केरसई में ऐतिहासिक होगी संकल्प यात्रा।

जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने कहा कि झारखंड की जनता मन बना चुकी है कि झारखंड में इस भ्रष्ट सरकार का परिवर्तन जरूरी है इसीलिए बढ़ चढ़ कर कार्यकर्ता कार्यक्रम में भागीदारी निभाएं।

प्रखंड प्रमुख तरण भोय ने कहा कि जिस तरह से छत्तीसगढ़ में भ्रष्ट कांग्रेस गठबंधन सरकार को परिवर्तन करके जनता ने भाजपा को जनादेश दिया है इस तरह झारखंड में भी जनता मन बना चुकी है की इस भ्रष्ट सरकार को गद्दी से उतरना है इसी निमित्त छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल का आगमन केरसई में होगा जहां भारी संख्या में कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे।

मौके पर जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी गौतम कुमार महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद एवं सुधीर मांझी ओबीसी जिला महामंत्री दिनेश कुमार ओबीसी मंडल अध्यक्ष विकास कुमार किसान मोर्चा अध्यक्ष रामविलास राणा र३ मोर्चा अध्यक्ष शंकर प्रधान महिला मोर्चा अध्यक्ष सत्या देवी शक्ति केंद्र के सभी प्रभारी सुरेश प्रसाद फुलेश्वर माझी जुगेश्वर मांझी प्रदीप कुमार अकलू पासी रामचंद्र मांझी प्रदीप कुमार अकलू पासी पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण प्रसाद शांति देवी कैलाश मैहर शांति देवी उपस्थित रहे।